लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित

RNI-UPHIN/2014/58471

दैनिक

# अमन लेखनी




ब्लाइंड बाबू की शूटिंग शुरू......



दीपिका ने मनाया बेटी का जन्मदिन...


वर्ष : 11 | अंक : 263 | लखनऊ, 12 सितम्बर, शुक्रवार 2025 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए


# भारत और मॉरीशस सिर्फ पार्टनर नहीं, परिवार हैं, वाराणसी में बोले पीएम मोदी

राज कुमार सिंह चौहान ब्यूरो प्रमुख / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज (11 सितंबर) उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के एक दिवसीय दौरे पर हैं। वाराणसी दौरे के दौरान, प्रधानमंत्री मोदी ने मॉरीशस के अपने समकक्ष नवीनचंद्र रामगुलाम से मुलाकात की। दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय वार्ता भी की। बाद में प्रधानमंत्री मोदी उत्तराखंड के बाढ़ प्रभावित इलाकों का हवाई सर्वेक्षण करेंगे। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, मोदी और रामगुलाम द्विपक्षीय सहयोग के महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा करेंगे, जिसमें विकास साझेदारी और क्षमता निर्माण पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि यह मेरे लिए गर्व की बात है कि मुझे अपने संसदीय क्षेत्र में आपका स्वागत करने का अवसर मिल रहा है। चीन काल से काशी भारत की सभ्यता और सांस्कृतिक आत्मा का प्रतीक रही है। हमारी संस्कृति और संस्कार सदियों पहले भारत से मॉरीशस पहुंचे और वहाँ की जीवन-पद्धति में रच-बस गए। काशी में माँ गंगा की अविरल धारा की तरह, भारतीय संस्कृति का अविरल प्रवाह मॉरीशस को समृद्ध करता रहा है और आज, जब हम मॉरीशस के साथियों का काशी में स्वागत कर रहे हैं, तो यह सिर्फ.एक औपचारिकता नहीं, बल्कि एक आध्यात्मिक मिलन है इसलिए मैं गर्व से कहता हूं कि भारत और मॉरीशस सिर्फ पार्टनर नहीं बल्कि एक परिवार है।

## कतर की संप्रभुता के उल्लंघन की निंदा करता है भारतः प्रधानमंत्री मोदी

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, दोहा में हमास के नेताओं को निशाना बनाकर किए गए इजराइल के हवाई हमलों के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कतर की संप्रभुता के उल्लंघन की बुधवार को निंदा की। मोदी ने एक्स पर पोस्ट किया, कतर के अमीर शेख तमीम बिन हमद अल-थानी से बात की और दोहा में हुए हमलों पर गहरी चिंता जतायी। भारत बंधुत्वपूर्ण देश कतर की संप्रभुता के उल्लंघन की निंदा करता है। उन्होंने कहा, हम मुद्दों के बातचीत और कूटनीति के माध्यम से समाधान तथा तनाव को बढ़ने से रोकने का समर्थन करते हैं। भारत क्षेत्र में शांति और स्थिरता के समर्थन में तथा सभी तरह के आतंकवाद के विरुद्ध दृढ़ता से खड़ा है। हमले के बाद, हमास ने कहा कि इजराइली हवाई हमले में उसके पांच सदस्य मारे गए। हालांकि, उसने यह भी कहा कि उसके नेताओं की हत्या का इजराइल का प्रयास विफल रहा। हमास ने कहा कि जब हमला हुआ, तब उसकी वार्ता टीम एक इमारत में गाजा पट्टी में युद्धविराम के लिए अमेरिका के प्रस्ताव पर विचार-विमर्श कर रही थी। भारत की ओर से जारी एक बयान में कहा गया है कि प्रधानमंत्री मोदी ने क्षेत्रीय शांति और स्थिरता को बढ़ावा देने में कतर की भूमिका की सराहना की, जिसमें गाजा में युद्ध विराम और सभी बंधकों की रिहाई के लिए मध्यस्थता के प्रयास भी शामिल हैं।

# राजनाथ सिंह ने रवाना किया 'समुद्र प्रदक्षिणा', दुनिया में बजेगा नारी शक्ति का डंका!

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, नारी शक्ति और विकसित भारत के विजन को याद करते हुए, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को मुंबई के गेटवे ऑफ इंडिया से दुनिया के पहले ऐतिहासिक त्रि-सेवा महिला परिक्रमा नौकायन अभियान, समुद्र प्रदक्षिणा को वर्चुअली हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। साउथ ब्लॉक से अपने संबोधन में, रक्षा मंत्री ने इस यात्रा को नारी शक्ति, तीनों सेनाओं की सामूहिक शक्ति, एकता और संयुक्तता, आत्मनिर्भर भारत और उसकी सैन्य कूटनीति और वैश्विक दृष्टिकोण का एक ज्वलंत प्रतीक बताया।

अगले नौ महीनों में, 10 महिला अधिकारी स्वदेश निर्मित भारतीय सेना नौकायन पोत त्रिवेणी पर सवार होकर लगभग 26,000 समुद्री मील की दूरी तय करते हुए पूर्वी मार्ग पर यात्रा करेंगी। वे भूमध्य रेखा को दो बार पार करेंगी, तीन महान अंतरीपों - लीउविन, हॉर्न और गुड होप - का चक्कर लगाते हुए सभी प्रमुख महासागरों और दक्षिणी महासागर और ड्रेक पैसेज सहित कुछ सबसे खतरनाक जलक्षेत्रों को कवर करेंगी। मई 2026 में मुंबई लौटने से पहले टीम चार अंतर्राष्ट्रीय बंदरगाहों का दौरा भी करेगी।

राजनाथ सिंह ने समुद्र प्रदक्षिणा को न केवल एक जहाज पर की जाने वाली यात्रा, बल्कि एक आध्यात्मिक साधना और अनुशासन व दृढ़ संकल्प की यात्रा भी बताया। उन्होंने कहा, 'अभियान के दौरान, हमारे अधिकारियों को कई चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है, लेकिन उनके दृढ़ संकल्प की लौ अंधकार को चीरती रहेगी। वे सुरक्षित घर लौटेंगे और दुनिया को दिखाएंगे कि भारतीय महिलाओं का पराक्रम किसी भी सीमा से परे है।'

रक्षा मंत्री सिंह ने हाल ही में दो भारतीय महिला नौसेना अधिकारियों लेफ्टिनेंट कमांडर दिलना के और लेफ्टिनेंट कमांडर रूपा ए द्वारा हासिल की गई असाधारण उपलब्धि को याद किया, जिन्होंने साहस और समर्पण के साथ कई चुनौतियों का सामना करते हुए, एक अन्य स्वदेशी पोत, आईएनएस तारिणी पर सवार होकर, सफलतापूर्वक दुनिया की परिक्रमा की। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि आईएएसवी त्रिवेणी समुद्री साहसिक कार्य में एक और वैश्विक मानक स्थापित करेगी और भारत की समुद्री यात्रा में एक और स्वर्णिम अध्याय लिखेगी।

## मौसम

अधिकतम तापमान 42.c

न्यूनतम तापमान 29.c

## बाजार

| | |
|---|---|
| सोना | 7,177/ g |
| चांदी | 96/ g |
| सेंसेक्स | 82,530.74 |
| निफटी | 25,062.10 |

# देशभक्ति और देवभक्ति अलग-अलग नहीं : डॉ. मोहन भागवत

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नागपुर। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत जी ने कहा कि देवभक्ति और देशभक्ति, यह दो शब्द भले ही अलग दिखते हों, लेकिन हमारे देश में यह शब्द अलग नहीं है। जो वास्तविक देवभक्ति करेगा, वह देश की भी भक्ति करेगा। और जो प्रामाणिकता से देशभक्ति करेगा, उससे भगवान देवभक्ति भी करवा लेंगे। यह तर्क नहीं है, अनुभव की बात है। सरसंघचालक जी आर्ट ऑफ लिविंग द्वारा नागपुर के मानकापुर क्रीडा स्टेडियम में आयोजित सोमनाथ ज्योतिर्लिंग महारुद्र पूजा के अवसर पर संबोधित कर रहे थे। इस दौरान मंच पर आर्ट ऑफ लिविंग के संस्थापक श्री श्री रविशंकर जी भी उपस्थित थे। सरसंघचालक जी ने कहा कि इतिहास भी जब जागा नहीं था, तबसे भारत देश अस्तित्व में है। शिवशंकर जी आदिगुरू हैं। सबके अंदर जो एकतत्व है, उसको जानने के 108 रास्ते हैं। सबको सिखाने वाले शिवजी हैं। मनुष्यों की प्रकृति अनेक प्रकार की है। सबको एक ही रास्ता सुहाता नहीं। रुचिवैचित्र्य के कारण अनेक प्रकार के रास्ते हैं। लेकिन जाना सभी को एक ही जगह है। यह जो नाना पथ हैं, इसके उद्गाता शिवजी हैं। उन्होंने कहा कि तपस्या भारत में ही है।

# पांच और एयरपोर्ट्स पर फास्ट ट्रैक इमिग्रेशन सुविधा का उद्घाटन

## प्रवासियों की बढ़ेगी सुविधा : अमित शाह

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार




नई दिल्ली, 'फास्ट ट्रैक इमिग्रेशन - ट्रस्टेड ट्रैवलर प्रोग्राम' (एफटीआई-टीटीपी) का और विस्तार करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से लखनऊ, अमृतसर, कोझीकोड, तिरुवनंतपुरम और तिरुचिरापल्ली के पाँच और हवाई अड्डों पर इस सुविधा का शुभारंभ किया। गृह मंत्री ने इससे पहले 22 जून, 2024 को नई दिल्ली स्थित इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे (आईजीआई) के टर्मिनल-3 से एफटीआई-टीटीपी का शुभारंभ किया था। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए, केंद्रीय मंत्री शाह ने कहा कि यह कार्यक्रम इन हवाई अड्डों पर निर्बाध आव्रजन सुविधाएँ प्रदान करेगा और अप्रवासियों की सुविधा को बढ़ाएगा। केंद्रीय मंत्री ने इस प्रगति को अत्यंत हर्ष और गौरव की बात बताया।

उन्होंने शिकागो में विश्व धर्म संसद में स्वामी विवेकानंद के ऐतिहासिक भाषण की वर्षगांठ पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और आशा व्यक्त की कि देश उनके दिखाए मार्ग पर आगे बढ़ता रहेगा। अमित शाह ने कहा कि आज, फास्ट ट्रैक इमिग्रेशन-ट्रस्टेड ट्रैवलर प्रोग्राम में पाँच और हवाई अड्डे जुड़ रहे हैं। यह हमारे लिए अत्यंत हर्ष और गर्व की बात है। इससे न केवल प्रवासियों की सुविधा बढ़ेगी, बल्कि हमें उन्हें इस देश में हो रहे बदलावों से परिचित कराने का भी एक अच्छा अवसर मिलेगा। आज, जिस दिन हम इस सुविधा का उद्घाटन कर रहे हैं, उसी दिन 132 वर्ष पूर्व 1893 में स्वामी विवेकानंद ने शिकागो में भाषण देकर दुनिया को भारत, इसकी संस्कृति और सनातन धर्म से परिचित कराया था। आज, 2025 तक, हम अपनी संस्कृति और सनातन धर्म के सिद्धांतों को पूरे विश्व में फैलाने में सफल रहे हैं। आज, मैं युग प्रवर्तक स्वामी विवेकानंद जी को श्रद्धांजलि अर्पित करता हूँ, और यह आशा भी व्यक्त करता हूँ कि हम उनके दिखाए मार्ग पर निरन्तर आगे बढ़ते रहेंगे और इस देश के गौरव से सदैव जुड़े रहेंगे।

शाह ने अधिकारियों से यह सुनिश्चित करने का आग्रह किया कि अधिक से अधिक यात्रियों को इस पहल का लाभ मिले। उन्होंने कहा कि आज का दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उस दृष्टिकोण में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है, जिसके तहत गति, कौशल और दायरे को एक ही कार्यक्रम में एकीकृत किया गया है जिसका उद्देश्य आव्रजन सेवाओं को बढ़ाना है। इस पहल का अगला चरण आज से शुरू हो रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### झारखंड के धनबाद में मकान ढहने से दो बच्चों समेत तीन लोगों की मौत

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

धनबाद, झारखंड के धनबाद जिले में बुधवार शाम भारी बारिश के बाद एक जर्जर मकान ढहने से दो बच्चों समेत तीन लोगों की मौत हो गई। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। घटना लोदना पुलिस चौकी के अंतर्गत आने वाले बीसीसीएल के एक क्वार्टर में हुई। अधिकारी ने बताया कि मकान ढहने के बाद कम से कम सात लोग मलबे में दब गए। स्थानीय निवासियों और एक खुदाई मशीन की मदद से सभी को मलबे से निकालकर धनबाद के शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (एसएनएमएमसीएच) ले जाया गया। एसएनएमएमसीएच के अधीक्षक डॉ. दिनेश कुमार गिंदौरिया ने बताया कि सात लोगों को अस्पताल लाया गया। उन्होंने कहा, ‟उनमें से तीन को मृत घोषित कर दिया गया और चार अन्य का इलाज किया जा रहा है।

### जितनी ऊंची होगी बेटियों की उड़ान, उतना ही उज्ज्वल होगा भारत का भविष्यः सिंधिया

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, केंद्रीय संचार एवं उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्री तथा गुना सांसद ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया ने अशोकनगर में आयोजित कार्यक्रम में कहा कि अब प्रधानपति, सरपंचपति, जिला पंचायत पति और अध्यक्षपति जैसी प्रथाओं को खत्म करना होगा और महिलाओं को अपना हक अपने हाथों में लेना होगा। दरअसल, आज केन्द्रीय मंत्री ने आज बृहस्पतिवार को अशोकनगर में रेवा शक्ति अभियान, हृदय योजना और एकल सेवा पोर्टल का शुभारंभ किया।

# छत्तीसगढ़ में बड़ा एनकाउंटर, 10 नक्सली ढेर

## 1 करोड़ का इनामी बालकृष्ण भी मारा गया

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, सुरक्षा बलों के लिए एक बड़ी उपलब्धि के रूप में छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिले में गुरुवार को एक मुठभेड़ के दौरान शीर्ष माओवादी कमांडर मोडेम बालकृष्ण उर्फ मनोज समेत 10 नक्सलियों को मार गिराया गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। हालांकि, मुठभेड़ अभी भी जारी है, इसलिए संख्या बढ़ने की उम्मीद है। मुठभेड़ के बारे में जानकारी देते हुए, रायपुर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक अमरेश मिश्रा ने बताया कि क्षेत्र में नक्सल विरोधी अभियान के दौरान मैनपुर थाना क्षेत्र के जंगल में मुठभेड़ शुरू हुई। स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ), कोबरा (सीआरपीएफ की एक विशिष्ट इकाई - कमांडो बटालियन फॉर रेजोल्यूट एक्शन) और अन्य राज्य पुलिस इकाइयों के जवान इस अभियान में शामिल हैं। अभी भी रुक-रुक कर गोलीबारी जारी है। सुरक्षा बलों ने पिछले कुछ महीनों में नक्सलियों के खिलाफ कई अभियान चलाए हैं। गौरतलब है कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने वामपंथी आतंकवाद को खत्म करने का लक्ष्य 31 मार्च, 2026 रखा है। इससे पहले, नारायणपुर जिले में विभिन्न इकाइयों के निचले स्तर के 16 नक्सलियों ने भी आत्मसमर्पण किया। पुलिस के अनुसार, नक्सली खोखली माओवादी विचारधारा और उनके द्वारा निर्दोष आदिवासियों पर किए जा रहे अत्याचारों से निराश थे। पुलिस अधीक्षक के हवाले से मीडिया रिपोर्ट में बताया गया कि वे (शीर्ष माओवादी नेता) स्थानीय लोगों को जल, जंगल और जमीन की रक्षा, समानता और न्याय के झूठे वादों से गुमराह करते हैं, और उनका शोषण और उन्हें गुलाम बनाते हैं। स्थानीय कार्यकताओं को गंभीर शोषण का सामना करना पड़ता है, और महिला माओवादियों की स्थिति और भी बदतर है।

# रेल मंत्री वैष्णव ने जयपुर में रेलवे के विकास कार्यों का निरीक्षण किया

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बृहस्पतिवार को जयपुर जंक्शन, गांधीनगर और खातीपुरा रेलवे स्टेशनों पर जारी विभिन्न विकास कार्यों का निरीक्षण किया और उनकी प्रगति की समीक्षा की। वैष्णव दिल्ली से खातीपुरा रेलवे स्टेशन पहुंचे। उन्होंने वहां विकसित की जा रही कोच रखरखाव इकाई के मॉडल का निरीक्षण किया। उन्होंने जगतपुरा में एक स्थानीय कार्यक्रम में भी भाग लिया। कार्यक्रम से इतर वैष्णव ने संवाददाताओं से कहा कि उन्होंने रेलवे के विकास कार्यों के संबंध में वरिष्ठ अधिकारियों के साथ चर्चा की है।

रेल मंत्री ने जयपुर में गांधीनगर और खातीपुरा रेलवे स्टेशनों का नाम बदलने का सुझाव दिया ताकि उनके बारे में अधिक स्पष्टता हो सके। उन्होंने सुझाव दिया कि गांधीनगर स्टेशन का नाम बदलकर जयपुर गांधीनगर स्टेशन किया जा सकता है ताकि लोगों को स्पष्ट रूप से समझ आ सके कि यह गुजरात का नहीं बल्कि राजस्थान का गांधीनगर स्टेशन है। उन्होंने अधिकारियों से जनप्रतिनिधियों और नागरिकों से नामों के संबंध में सुझाव लेने को कहा।

# वोट चोरी पर भविष्य में और भी विस्फोटक सबूत पेश करेंगे : राहुल गांधी

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने बृहस्पतिवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर वोट चोरी के अपने आरोपों को दोहराते हुए दावा किया कि भविष्य में वह इस संबंध में और भी डायनेमिक एक्सप्लोसिव (विस्फोटक) सबूत पेश करेंगे। विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के बारे में पूछे गए एक सवाल के जवाब में गांधी ने संवाददाताओं से कहा, महाराष्ट्र, हरियाणा और कर्नाटक के चुनाव में वोट चोरी हुई है। हमने ब्लैक और व्हाइट सबूत दिए हैं। आने वाले समय में, हम और भी डायनेमिक सबूत देंगे। कांग्रेस सांसद ने कहा कि वोट चोर, गद्दी छोड़ का नारा अब पूरे देश में गूंज रहा है। उन्होंने कहा, हम आपको दिखाएंगे, भारत के युवाओं, सुनो, यही सच्चाई है और चोरी करके सरकारें बनाई जा रही हैं।

गांधी ने संवाददाताओं से कहा, हम गारंटी देते हैं कि हम आपको सबूत देंगे। कांग्रेस नेता ने भाजपा नेताओं पर कटाक्ष करते हुए कहा, भाजपा नेता जो उत्तेजित हो रहे हैं, उत्तेजित मत होइए। जब हाइड्रोजन बम आएगा, तो सब कुछ साफ हो जाएगा।

राहुल गांधी ने बृहस्पतिवार को यहां रायबरेली में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक की अध्यक्षता की। अपने संसदीय क्षेत्र के दो दिवसीय दौरे पर आए गांधी ने कलेक्ट्रेट स्थित बचत भवन सभागार में बैठक की अध्यक्षता की। अमेठी के सांसद के.एल. शर्मा और उत्तर प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री दिनेश प्रताप सिंह सहित कई जनप्रतिनिधि इस बैठक में शामिल हुए।

# बिहार में बनेगा चार और इंडस्ट्रियल कॉरिडोर

## उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की मांग पर केंद्रीय उद्योग मंत्री ने किया ऐलान

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, बिहार के उपमुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी ने पटना के बापू सभागार में आयोजित बिहार आइडिया फेस्टिवल को संबोधित करते कहा- बिहार औद्योगिक विकास की तरफ तेजी से बढ़ रहा है। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने बिहार के विकास के लिए इंडस्ट्रियल कॉरिडोर दिया है। गया में 1700 एकड़ में इंडस्ट्रियल कॉरिडोर का निर्माण हो रहा है, बिहार सरकार ने इसके लिए 1300 एकड़ अतिरिक्त जमीन उपलब्ध कराई है। श्री चौधरी ने कहा-बिहार की 14 करोड़ आबादी की जरूरतें इतनी बड़ी हैं कि एक कॉरिडोर से हमारा काम नहीं चलेगा। हम माननीय केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल से अनुरोध करते हैं कि हमें कम से कम चार और इंडस्ट्रियल कॉरिडोर दें।

कार्यक्रम में मौजूद गोयल ने उपमुख्यमंत्री की मांग पर तुरंत संज्ञान लिया और घोषणा की- बिहार के अलग-अलग क्षेत्रों में चार औद्योगिक कॉरिडोर का निर्माण किया जाएगा। इसके साथ ही श्री गोयल ने नई बिहार औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन पैकेज-2025 की तारीफ की और इसे देश में सबसे सरल और उदार पैकेज बताया।

उपमुख्यमंत्री श्री चौधरी ने केंद्रीय मंत्री श्री गोयल को धन्यवाद देते हुए कहा कि यह एतिहासिक समय है, जब नीतीश कुमार के नेतृत्व में हम हजारों नहीं बल्कि लाखों लोगों को रोजगार देने वाले उद्योग लगाने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्ग दर्शन और नीतीश कुमार के नेतृत्व में रफ्तार पकड़ चुका है बिहार।

उपमुख्यमंत्री ने कहा- बिहार में अब विश्वस्तरीय सड़कों का जाल बिछा है। पटना से राज्य के किसी भी कोने तक चार से पांच घंटे में पहुंचा जा सकता है। रेल विस्तार में भी बिहार आगे है, यहां 13 वंदे भारत ट्रेनें दौड़ रही हैं। गंगा किनारे दीघा से कोईलवर और मुंगेर से भागलपुर तक मैरिन ड्राइव बन रहा है। पांच बड़े एक्सप्रेस-वे परियोजनाओं को मंजूरी मिली है। चौधरी ने कहा- राज्य में अब तक 17 इथेनॉल प्लांट लगाए जा चुके हैं। मक्का, गेहूं और अब चावल के खुद्दी (चावल का छोटे टुकड़े) तक को प्रोसेस कर इथेनॉल बनाने में इस्तेमाल किया जा रहा है। बिहार में पिछले पांच सालों में करीब 40 लाख लोगों को रोजगार दिए गए हैं। 2025-30 में हमारा लक्ष्य एक करोड़ सरकारी नौकरी और रोजगार देने का है।

चौधरी ने कहा- प्रधानमंत्री मोदी ने बिहार को 1.65 लाख करोड़ की योजनाओं का तोहफा दिया है। 15 सितंबर को वो पूर्णिया में करीब 50 हजार करोड़ की योजनाओं का उद्घाटन शिलान्यास करेंगे। दरभंगा एयरपोर्ट के बाद अब 15 सितंबर को पूर्णिया एयरपोर्ट की शुरूआत हो रही है। यह बिहार का सबसे बड़ा रनवे वाला हवाई अड्डा होगा।

## संक्षेप

### ऑफिस में घुसकर युवती व परिजनों से मारपीट, अभद्रता का आरोप

अमन लेखनी समाचार

पीजीआई। सरयू इन्क्लेव निवासी एक युवती ने पुलिस में मुकदमा दर्ज करवाते हुए गंभीर आरोप लगाए हैं। पीड़िता का कहना है कि वह वृंदावन सेक्टर-11 बी/44 में प्रॉपर्टी का काम करती है। बीते 10 सितंबर की सुबह लगभग 11 बजे अभिषेक तिवारी निवासी अवध विहार योजना अपने तीन साथियों के साथ उसके ऑफिस में आ धमके। युवती का आरोप है कि आरोपियों ने उसके छोटे भाई अजय शुक्ला व अन्य के साथ मारपीट की और गाली-गलौज किया। इस बीच अभिषेक तिवारी व उसके साथियों ने उसके कपड़े फाड़ दिए तथा बदतमीजी करते हुए जबरन गलत हरकत की कोशिश भी की। विरोध करने पर आरोपियों ने उसे पीटा और अशोभनीय भाषा का प्रयोग किया। पुलिस ने युवती की तहरीर पर मामला दर्ज कर लिया है और आगे की जांच की जा रही है।

### 17 वर्षीय छात्रा लापता, पिता ने थाने में दर्ज कराई एफआईआर

अमन लेखनी समाचार

पीजीआई। पीजीआई थाना क्षेत्र के तेलीबाग से एक 17 वर्षीय छात्रा के लापता होने का मामला सामने आया है। छात्रा के पिता ने थाना पुलिस को तहरीर देकर बेटी की बरामदगी और कार्रवाई की गुहार लगाई है। शिकायतकर्ता ने बताया कि उनकी बेटी कक्षा 11 की छात्रा है और राम भरोसे स्कूल, तेलीबाग में पढ़ाई करती है। दिनांक 9 सितंबर 2025 को वह अपनी सहेली के साथ स्कूल गई थी, लेकिन इसके बाद घर वापस नहीं लौटी। देर शाम तक खोजबीन करने पर पता चला कि वह सहेली व एक युवक के साथ बिना बताए घूमने निकली थी। परिजनों ने आशंका जताई है कि उनकी बेटी को बहला-फुसलाकर कहीं ले जाया गया है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और जांच शुरू कर दी है।

## पीजीटीआई नेक्स्टजेन 2025 में डॉ. राजेश्वर सिंह ने लखनऊ गोल्फ क्लब के लिए रखा विजन

**परंपरा और भविष्य का संगम : डॉ. राजेश्वर सिंह ने लखनऊ गोल्फ क्लब को ऊँचाइयों तक ले जाने हेतु 100 करोड़ कोष का प्रस्ताव रखा**

अमन लेखनी समाचार



सरोजनीनगर। ऐतिहासिक लखनऊ गोल्फ क्लब की हरी-भरी फेयरवे पर खेल भावना और सौहार्द्र का अनोखा संगम देखने को मिला, जब पीजीटीआई नेक्स्टजेन गोल्फ टूनार्मेंट 2025 का सफल समापन हुआ। इस अवसर पर सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने बड़े भाई रामेश्वर सिंह के साथ मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे और विजेताओं को सम्मानित किया।

डॉ. सिंह ने टूर्नामेंट की सफलता पर आयोजकों को बधाई देते हुए विशेष रूप से श्री सुबाष चंद्र (आईपीएस, सेवानिवृत्त) के बारे में बताया कि 'हम दोनों ने उत्तर प्रदेश पुलिस में साथ काम किया है और आज उन्हें इस आयोजन का हिस्सा बनते देखना सुखद है।' उन्होंने आगे कैप्टन आर.एस. नंदा, सचिव रजनीश सेठी, संयुक्त सचिव सह कोषाध्यक्ष संजीव अग्रवाल एवं पीजीटीआई सीईओ अमनदीप जोहल को उनके दूरदृष्टि और कठिन परिश्रम के लिए सराहा।

### खेल अर्थव्यवस्था में भारत की भूमिका

डॉ. सिंह ने कहा कि ऐसे टूनार्मेंट सिर्फ खेल प्रतियोगिता नहीं बल्कि सामाजिक-सांस्कृतिक संवाद का माध्यम भी हैं। 'भारत की खेल अर्थव्यवस्था वर्तमान में 52 अरब डॉलर की है, जो 2030 तक बढ़कर 130 अरब डॉलर तक पहुँचेगी। यह करोड़ों रोजगार और व्यवसायिक अवसर सृजित करेगी, जिसमें गोल्फ जैसे खेल अहम योगदान देंगे।'

### लखनऊ गोल्फ क्लब का भविष्य

'हेरिटेज मीट्स द फ्यूचर' शीर्षक के साथ अपना विजन साझा करते हुए डॉ. सिंह ने क्लब के लिए 100 करोड़ का 'स्पोर्ट्स प्रमोशन कॉर्पस' बनाने का प्रस्ताव रखा। उन्होंने कहा कि क्लब को राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठित बनाने के लिए सदस्यता विस्तार, प्रायोजन (स्त्रङ्खल्लरङ्ग१ऱ्स्र), और युवाओं में निवेश अनिवार्य है। इसके लिए संरचित कोचिंग एवं प्रशिक्षण से ही भावी गोल्फ चैंपियनों का निर्माण संभव है।

### गोल्फ – उम्मीद और धैर्य का खेल

डॉ. सिंह ने गोल्फ को 'उम्मीद का खेल' बताते हुए कहा, 'हर स्विंग एक नई शुरूआत है, हर कदम हरे मैदान पर हमें धैर्य, अनुशासन और संबंधों की मजबूती सिखाता है। गोल्फ हमें यह सीख देता है कि पिछला शॉट बदला नहीं जा सकता और अगले शॉट का अनुमान नहीं लगाया जा सकता; हमें वर्तमान पर ही फोकस करना होता है। यही जीवन की सफलता का मूल मंत्र है।'

### लखनऊ की गौरवशाली परंपरा

उन्होंने कहा, 'लखनऊ गोल्फ क्लब की परंपरा बेहद गौरवशाली रही है। यहाँ के खिलाड़ी और सदस्य सदैव हमारी राजधानी की खेल भावना को प्रेरित करते रहे हैं। 2007 से सदस्य होने के नाते मेरी सदैव यही कामना रही है कि यह संस्थान निरंतर ऊँचाइयाँ छुए और इसी तरह भव्य आयोजन करता रहे।'

### आभार और संकल्प :

अपने संबोधन के अंत में डॉ. सिंह ने आयोजकों की दूरदृष्टि, प्रायोजकों के सहयोग और खिलाड़ियों के उत्साह के लिए आभार जताया। उन्होंने विश्वास जताया कि लखनऊ आने वाले वर्षों में ऐसे आयोजनों के जरिए युवाओं को प्रेरित करेगा और भारत की खेल विरासत को नई ऊँचाइयाँ देगा।

## परिवहन आयुक्त बीएन सिंह ने आरटीओ कार्यालय का किया औचक निरीक्षण

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। उत्तर प्रदेश परिवहन आयुक्त बीएन सिंह ने गुरुवार को सरोजनी नगर स्थित ट्रांसपोर्ट नगर आरटीओ कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। सुबह करीब 10 बजे पहुंचे आयुक्त ने सबसे पहले कार्यालय परिसर का निरीक्षण किया। इस दौरान सफाई व्यवस्था एवं फाइलों के रख-रखाव को बेहतर पाकर उन्होंने अधिकारियों की प्रशंसा की। निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने कार्य कराने आए आवेदकों से बातचीत की और उनकी समस्याएं जानीं। उन्होंने लोगों को परिवहन विभाग की ऑनलाइन सेवाओं के बारे में जागरूक किया और बताया कि अब अधिकांश कार्य ऑनलाइन माध्यम से आसानी से हो रहे हैं। आयुक्त ने कहा कि विभाग का प्रयास है कि सेवाएं और अधिक पारदर्शी एवं सुगम बनें ताकि आम जनता को सुविधा मिल सके। पत्रकार वार्ता में परिवहन आयुक्त ने विभिन्न सवालों के जवाब दिए। उन्होंने बताया कि परिवहन विभाग लगातार आम जनता की सुविधा के लिए प्रयासरत है। कार्यालय में पेयजल की बेहतर व्यवस्था, होमगार्डों के बैठने के स्थान, गोमती नगर में एआरटीओ कार्यालय खोले जाने की योजना, 'नो हेलमेट-नो फ्यूल' अभियान में आम जनमानस की भागीदारी, वर्ष 2016 से 2021 तक के लंबित चालानों के निस्तारण की प्रक्रिया और सड़क दुर्घटनाओं में घायलों के लिए डेढ़ लाख रुपये तक मुफ्त इलाज जैसी योजनाओं पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि विभाग जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरने के लिए लगातार काम कर रहा है और जल्द ही नई सुविधाओं को और प्रभावी ढंग से लागू किया जाएगा।

## एयरपोर्ट पर यात्रियों की सुविधा के लिए फास्ट ट्रैक इमिग्रेशनझ्रट्रस्टेड ट्रैवलर प्रोग्राम (एफटीआई-टीटीपी) की गई शुरूआत

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (सीसीएसआईए) पर यात्रियों की सुविधा के लिए फास्ट ट्रैक इमिग्रेशनझ्रट्रस्टेड ट्रैवलर प्रोग्राम (एफटीआई-टीटीपी) की शुरूआत हो गई है। इसका वर्चुअल शुभारंभ केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को एयरपोर्ट के टर्मिनल-3 पर समर्पित काउंटरों का अनावरण कर किया। यह महत्वाकांक्षी पहल भारतीय पासपोर्ट और ओवरसीज सिटीजन ऑफ इंडिया (ओसीआई) कार्डधारकों के लिए विशेष रूप से तैयार की गई है। एयरपोर्ट प्रवक्ता ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य इमिग्रेशन प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करना और यात्रियों को त्वरित सेवाएं उपलब्ध कराना है। एफटीआई-टीटीपी से इमिग्रेशन काउंटरों पर भीड़भाड़ कम होगी और अंतरराष्ट्रीय यात्रियों को त्वरित निकासी की सुविधा मिलेगी। इस पहल को गृह मंत्रालय ने नागरिक उड्डयन मंत्रालय और इमिग्रेशन ब्यूरो के सहयोग से तैयार किया है। इसके लिए यात्रियों को आधिकारिक पोर्टल https://ftittp.mha.gov.in/tti/ पर ऑनलाइन आवेदन करना होगा। आवेदनों का सत्यापन इमिग्रेशन ब्यूरो द्वारा किया जाएगा, जिसके बाद योग्य यात्रियों को 'विश्वसनीय यात्री' सूची में शामिल किया जाएगा। स्वीकृत प्रतिभागियों को निर्दिष्ट केंद्रों जैसे एफआरआरओ कार्यालय या एयरपोर्ट काउंटर पर बायोमेट्रिक नामांकन कराना होगा ॥ सितंबर 2025 से लागू होने जा रही यह सुविधा भारत के विमानन क्षेत्र में यात्री सुविधा और तकनीकी नवाचार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगी। सीसीएसआईए प्रबंधन का कहना है कि यह कार्यक्रम यात्रियों के अनुभव को और अधिक सहज व सुरक्षित बनाएगा।

## रोडवेज बस के अनियंत्रित होकर पलटने से पांच की मौत, दर्जनों घायल

अमन लेखनी समाचार





लखनऊ। बेहता नाले के पुल के पास बृहस्पतिवार देर शाम तेज रफ्तार बस गड्ढे में पलट गई। हादसे में पांच यात्रियों की मौत हो गई। बस में कुल 44 यात्री सवार थे। इनमें चालक व परिचालक समेत 19 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

घायलों को सीएचसी काकोरी में प्राथमिक इलाज के बाद ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया गया। बच चालक अनिल कुमार वर्मा ने बताया कि वह हरदोई से लखनऊ लौट रहे थे। हादसे में घायल परिचालक मो. रेहान के मुताबिक बृहस्पतिवार देर शाम करीब सात बजे बाइक सवार को बचाने के चक्कर में ट्रैक्टर-टैंकर सड़क पर अनियंत्रित होकर पलट गई। इसी बीच वहां से गुजर रही रोडवेज बस ट्रैक्टर-टैंकर से टकरा कर 20 फीट से अधिक गहरे गड्ढे में जा गिरी। तेज रफ्तार में होने के कारण बस कई बार पलटी खाई। बस के पहिए ऊपर हो गए थे। हादसे के बाद चीख पुकार मच गई। शोर सुनकर काकोरी टिकैतगंज गांव के ग्रामीण वहां पहुंचे। ग्रामीणों ने पुलिस के घटना की सूचना दी। कड़ी मशक्कत के बाद बस को सीधा किया गया। इसके बाद बस के भीतर फंसे लोगों को निकालने की कवायद शुरू की गई। बस के भीतर कई लोग दबे हुए थे। जेसीबी और क्रेन की मदद से बस के हिस्से को काटा गया। घटना की जानकारी पाकर डीएम विशाख जी, पुलिस आयुक्त अमरेंद्र सेंगर, मंडला आयुक्त रोशन जैकब समेत अन्य कई अधिकारी मौके पर पहुंचे। फायर ब्रिगेड और एसडीआरएफ भी राहत एवं बचाव कार्य में जुट गई।

### कई घायल खुद से भागकर पहुंचे अस्पताल

इससे पहले कि मौके पर एंबुलेंस या पुलिस की गाड़ियां पहुंचती घायल खुद की जान बचाने के लिए अस्पताल की ओर दौड़ पड़े। कुछ लोगों ने ग्रामीणों की मदद ली और सीएचसी पहुंचे। एक घायल को बाइक पर लादकर ट्रॉमा सेंटर ले जाया गया। बाद में एंबुलेंस की मदद से घायलों को सीएचसी और फिर वहां से ट्रॉमा सेंटर ले जाया गया। कई घायल इलाज के बाद घर चले गए। डीएम विशाख जी के मुताबिक हादसे में पांच लोगों की मौत की पुष्टि हुई है। और घायलों का समूचित इलाज कराया जा रहा है। पुलिस और प्रशासन की टीम घटना स्थल के अलावा सीएचसी और ट्रॉमा सेंटर पर मौजूद है।

### दो बाइकसवार भी आए चपेट में, एक शव के उड़े चिथड़े

हादसे के दौरान दो बाइक सवार भी बस की चपेट में आ गए। बस के नीचे बाइक दबकर क्षतिग्रस्त हो गई। वहीं, एक व्यक्ति बस की चपेट में आकर उसके बाएं हिस्से में फंस गया। घटना के करीब 50 मिनट बाद जेसीबी की मदद से जब बस को निकाला जा रहा था तब शव उसी में चिपका हुआ मिला। शव के चिथड़े उड़ गए थे।

### इनको चिकित्सकों ने मृत घोषित किया

ट्रॉमा सेंटर में चार गंभीर घायलों को ले जाया गया, जिन्हें डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। इनमें बाबू, नरदेव, हैदरगंज निवासी संजीव कुमार, आलमनगर निवासी अरविंद कुमार और दिलशाद सहित पीलीभीत निवासी जगदीश शामिल हैं।

### ट्रॉमा सेंटर में भर्ती घायलों के नाम

1. इरशाद हुसैन निवासी दुबग्गा,
2. अनुराग मोहनलालगंज,
3. अरविन्द कुमार आलमबाग,
4. संजय काकोरी,
5. राजेश मौर्या, सीतापुर,
6. बसन्त देवी हरदोई,
7. संजीव प्रकाश श्रीवास्तव बालागंज,
8. अरूण कुमार लखनऊ,
9. भरत कुमार त्रिवेणीनगर लखनऊ,
10. दिनेश बीकेटी लखनऊ,
11. शुभाजीत मुखर्जी आशियाना,
12. सुहैल अहमद आलमबाग,
13. दुर्गेश रायबरेली,
14. राकेश इन्दिरानगर,
15. अविरल वर्मा हरदोई,
16. अनूप कुमार अमीनाबाद,
17. अनुजराज अमीनाबाद,
18. अनिल कुमार श्रृगांर नगर लखनऊ (चालक),
19. मोहम्मद रेहान (परिचालक)

### प्रत्यक्षदशी ने कहा, बस ने मारी थी ट्रैक्टर में टक्कर

प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि बस तेज रफ्तार में थी। बस ने आगे जा रही ट्रैक्टर टैंकर को पहले टक्कर मारी थी। इसके बाद बाइक सवार को चपेट में लेते हुए गहरे गड्ढे में जा गिरी। कई राहगीरों ने कार रोककर लोगों को बस से निकालने में मदद की। इसके बाद घायलों को ट्रॉमा सेंटर भी पहुंचाया।

## फोन पर मिली बधाई बनी मौत का सबब....

### प्रेम विवाह से खफा भाइयों ने दोस्तों संग रची खूनी साज़िश......

**मुख्य आरोपी समेत तीन फरार स्कॉर्पियो और रॉड बरामद......**

अमन लेखनी समाचार



निगोहां। एक प्रेम विवाह ने खुशियों को मातम में बदल दिया बहन के प्रेम विवाह से खफा भाइयों ने दोस्ती का दिखावा कर बहनोई को कार में बिठाया और दोस्तों संग मिलकर बेरहमी से हत्या कर डाला की हद पार करते हुए हत्यारोपियों ने न सिर्फ गला दबाया बल्कि लोहे की रॉड से शव को पीट-पीटकर नाले में फेंक दिया चौंकाने वाली बात यह रही कि बहन के मां बनने की खबर सुनकर 'मामा बनने' की बधाई ही हत्यारों के दिलों में बदले की चिंगारी भड़का गई।

निगोहां पुलिस की पड़ताल में सामने आया कि मृतक शनी रावत (24), निवासी शंकरबक्शखेड़ा ने एक साल पहले मस्तीपुर गांव निवासी जीतू यादव की बहन से प्रेम विवाह किया था। यह विवाह परिवार वालों को नागवार गुजरा खासतौर से लड़की के भाई जीतू यादव और देवेश यादव उर्फ बुग्गा इस रिश्ते से बेहद नाराज थे वे पिछले एक साल से मौका तलाश रहे थे इसी बीच बहन को संतान सुख मिला और रिश्तेदारों ने जीतू यादव को फोन पर ह्लमामा बननेह्व की बधाई दी यही बात उसकी गैरत पर लगी और उसने किसी भी कीमत पर शनी को खत्म करने का मन बना लिया मुख्य आरोपी जीतू ने अपने साले संतोष को शनी की लोकेशन का जिम्मा दिया संतोष ने शनी की मौजूदगी मोहनलालगंज के खुजौली देशी ठेका पर बताई इसके बाद देवेश स्कॉर्पियो कार लेकर वहां पहुँचा और शनी को बहाने से कार में बैठा लिया तभी जीतू अपने दो और साथियों राजकपूर व जयसिंह संग दूसरी कार से पहुँच गया सभी ने मिलकर पहले गला दबाकर शनी की हत्या कर दी और फिर लोहे की रॉड से शव को पीट-पीटकर विकृत कर दिया इसके बाद शव को गौतमखेड़ा के बांक नाले में फेंक दिया 8 सितंबर को जब ग्रामीणों ने शव देखा तो क्षेत्र में सनसनी फैल गई थी मृतक के पिता रामनरेश ने कहा मेरे बेटे ने अपनी मर्जी से शादी की थी, इसमें उसकी क्या गलती थी?

### मामा बनने की खुशी का जश्न मनाने से पहले ही आरोपियों ने हत्या की खौफनाक पटकथा लिख डाली।

शादी के बाद से ही आरोपी लगातार धमकियां दे रहे थे हमने कई बार समझौता करने की कोशिश की, लेकिन उन्होंने मेरी आंखों के सामने मेरा सहारा छीन लिया हम चाहते कि हत्यारों को कड़ी से कड़ी सजा मिले गांववालों ने कहा कि शनी बहुत ही मिलनसार और हंसमुख स्वभाव का था उसकी मौत से पूरे इलाके में आक्रोश है ग्रामीणों का कहना है कि पुलिस को फरार आरोपियों को जल्द पकड़कर कठोर कार्रवाई करनी चाहिए, ताकि भविष्य में कोई और परिवार इस तरह उजड़ने से बच सके।

एसीपी मोहनलालगंज रजनीश वर्मा ने प्रेसवार्ता कर बताया कि पुलिस ने देवेश व संतोष को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया इनके कब्जे से घटना में प्रयुक्त स्कॉर्पियो कार, लोहे की रॉड और गमछा बरामद हुआ है जबकि मुख्य आरोपी जीतू यादव, राजकपूर और जयसिंह की तलाश जारी है प्रेम विवाह अक्सर सामाजिक विवादों की वजह बनते हैं, लेकिन इस मामले में रिश्तेदारी की जटिलता ने एक युवक की हत्या कर दी।

## दबंगों ने गाड़ी रुकवा कर किया मारपीट, मुकदमा दर्ज

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। बंथरा थाना क्षेत्र में बुधवार रात एक युवक पर दबंगों ने हमला कर दिया। बंथरा थाना क्षेत्र के नीवां गांव निवासी रोहित उर्फ लाला पुत्र रमाकान्त के मुताबिक बुधवार रात करीब 10:30 बजे वह तहसील बिजनौर से घर लौट रहा था। तभी नीवां में दिवान ताल के पास यहीं के कुरौनी गांव में रहने वाले सुदेश, उमेश पुत्रगण जगरूप, विशाल उर्फ रौनी पुत्र दर्शनलाल व किशुनपुर कौड़िया निवासी दीपक पुत्र कल्लू रावत ने उसकी गाड़ी रोक ली। आरोप है कि विपक्षियों ने उसकी गाड़ी के सामने अपनी गाड़ी खड़ी कर दी और उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। इस दौरान डंडे से कई वार कर दिए। जिससे रोहित के सिर में चोट आ गई। पीड़ित का कहना है कि हमलावरों ने जान से मारने की धमकी भी दी और मौके से फरार हो गए। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस हरकत में आई। पीड़ित की तहरीर पर बंथरा पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

## पार्षद रामनरेश रावत ने छठ पूजा घाट की शुरू कराई साफ सफाई



अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनी नगर द्वितीय वार्ड स्थित बंधुवा तालाब के छठ पूजा घाट पर गुरुवार को सफाई कार्य शुरू कर दिया गया है। तालाब से जलकुंभी निकालने के लिए पार्षद की ओर से तमाम मजदूर लगाए गए हैं, ताकि आगामी छठ महापर्व पर श्रद्धालुओं को स्वच्छ जल और साफ-सुथरा घाट उपलब्ध हो सके। पार्षद रामनरेश रावत ने बताया कि श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए तालाब किनारे एक नए घाट का निर्माण भी अगले सप्ताह से प्रारंभ कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि छठ महापर्व क्षेत्र की आस्था और परंपरा से जुड़ा हुआ है, इसलिए किसी भी प्रकार की असुविधा श्रद्धालुओं को न हो, इसके लिए तैयारी समय से की जा रही है। विधायक राजेश्वर सिंह और महापौर सुषमा खर्कवाल के आशीर्वाद से यह कार्य उनकी देखरेख में कराया जा रहा है। पार्षद ने आश्वस्त किया कि छठ पूजा तक सभी सफाई और निर्माण कार्य पूर्ण कर लिए जाएंगे, जिससे भक्तों को सुगमता और स्वच्छ वातावरण मिल सके।

## बक्कास में आधार शिविर व हेल्थ कैंप के माध्यम से ग्रामीण जनता को दिया गया लाभ

अमन लेखनी समाचार



गोसाईगंज। ग्राम पंचायत बक्कास के सभागार में प्रधान राजेश कुमार की अध्यक्षता में आधार कार्ड, एवं सुकन्या समृद्धि योजना शिविर का आयोजन राजेश कुमार तिवारी सहायक डाकघर अधीक्षक दक्षिणी उपमंडल की टीम द्वारा किया गया। जिसमें 18 नए आधार कार्ड बनाए गए और 76 आधार कार्ड अपडेट हुए। वहीं पॉम मल्टी सुपर स्पेशलिस्ट हॉस्पिटल के कुशल डॉक्टरों द्वारा नेत्र चिकित्सा शिविर का भी आयोजन किया गया। जिसमें 99 मरीजों की आंखों की जांच हुई। जांच के दौरान 25 मरीजों में मोतियाबिंद की समस्या पाई गई तथा 30 मरीज शुगर से पीड़ित पाए गए। मरीजों को निःशुल्क दवा का भी वितरण किया गया। मौके पर सहयोग के लिए सचिव विनोद कुमार गौड़, रोजगार सेवक संदीप यादव, कंप्यूटर ऑपरेटर राजेश तिवारी, क्षेत्र पंचायत सदस्य रामप्रकाश मौर्य, आशा बहु, आंगनवाड़ी, तथा समूह की महिलाएं उपस्थित रहीं। जो लोग शेष रह गए हैं उनके लिए कल भी यह शिविर जारी रहेगा। प्रकाश गांव के लोकप्रिय प्रधान राजेश कुमार रावत ने अपने संबोधन में कहा कि समाज सेवा उनकी रगों में खून बनकर बह रही है। मेरे पूर्वज भी जनता की सेवा में आगे रहे हैं इस परिपाटी का पालन करते हुए मैं जन सेवा के कार्यों में बढ़-चढ़कर रुचि लेता रहता हूं। बक्कास गांव की जनता ने ग्राम प्रधान द्वारा कराए गए इस नेक कार्य की सराहना की।

## पीएम के वाराणसी दौरे से पहले सियासत गरमाई, कांग्रेस, प्रदेश अध्यक्ष अजय राय हाउस अरेस्ट

अमन लेखनी समाचार



पीजीआई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वाराणसी दौरे और मॉरिशस के प्रधानमंत्री संग होने वाली महत्वपूर्ण द्विपक्षीय बैठक से पहले उत्तर प्रदेश की सियासत में हलचल तेज हो गई है। बुधवार देर रात पुलिस ने कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय को लखनऊ स्थित उनके अपार्टमेंट में नजरबंद कर दिया।

पुलिस ने अजय राय को प्रदेश कांग्रेस कार्यालय जाने से रोक दिया है और सख़्त निगरानी में रखा है। वहीं, अजय राय ने कड़ा रुख अपनाते हुए ऐलान किया कि वे अन्न-जल त्याग कर विरोध जारी रखेंगे। उन्होंने कहा कि जब तक यूपी सरकार उस मंत्री पर कार्रवाई नहीं करती, जिसने राहुल गांधी का रास्ता रोका था, तब तक आंदोलन चलता रहेगा।

## पंखा मोड़ते ही युवक आया करंट की चपेट में, मौत

अमन लेखनी समाचार



मृतक विनय फाइल – फोटो

लखनऊ। रहीमाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम तरौना में एक बड़ा हादसा हो गया। गर्मी से राहत पाने के लिए घर में चल रहे फरार्टा पंखे का रुख अपनी ओर करते समय एक युवक करंट की चपेट में आ गया. मौके पर ही उसकी तड़पकर मौत हो गई। हादसे के समय कमरे में वह अकेला ही था। गांव निवासी विनय कश्यप (30) बुधवार देर रात अपने कमरे अकेला था। उसकी पत्नी बच्चों के साथ मायके में थी। उसकी मां बगल के दूसरे कमरे में परिवार के साथ सो रही थी। रात को गर्मी की वजह से विनय ने कमरे में चल रहे फरार्टा पंखे का रुख अपनी ओर करने के लिए पंखे को पकड़ा।

पंखे में पहले से ही करंट उतरा था और जैसे ही उसने पंखे को पकड़कर घुमाने की कोशिश की, वैसे की करंट की चपेट में आ गया। करंट की चपेट में आने से पंखा वहीं ऊपर गिर गया। वह वहीं गिरकर तड़पने लगा और किसी को इस हादसे की भनक तक नहीं लगी। दूसरे कमरे में सो रही उसकी मां भाई जब तक कुछ जान पाते, तब तक बहुत देर हो चुकी थी और विनय बुरी तरह झुलसकर गंभीर हालत में पहुंच चुका था। परिजनों ने इसकी सूचना आसपास के लोगों को दी। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर जुट गए थे। तत्काल इसकी सूचना रहीमाबाद पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर कार्रवाई में जुट गई।

मां ने बताया कि बेटा विनय अभी तीन दिन पूर्व ही मुंबई से लौटा था वह मुंबई में मजदूरी करता था। रहीमाबाद इंस्पेक्टर आनंद द्विवेदी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जरूरी कार्रवाई की जा रही है। विनय घर का कमाऊ बेटा था। उसकी मौत से उसकी मां राम नंदिनी, भाई दिनेश, रामू, पत्नी रजनी और उसका मासूम दो वर्षीय बेटा का रो-रोकर बुरा हाल है।

## संक्षेप

### बाढ़ से त्रस्त ग्रामीणों ने राहत शिविर में ली शरण

अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। गंगा नदी के बढ़े जल स्तर ने लगभग दस वर्ष पूर्व आई बाढ़ की याद ताजा करा दी। तब क्षेत्र के दर्जनों गांवों के लोगों ने अपना घर छोड़कर राहत शिविरों और ऊंचे स्थानों पर मवेशियों सहित शरण ली थी। तभी क्षेत्र का मुख्य मार्ग शिवराज पुर काली मिट्टी मार्ग तेज बहाव के कारण हिंदूपुर गांव के पास कट गया था जिसे बनने में करीब तीन साल का समय लगा था तब यह मार्ग आवागमन के लिए बहाल हो पाया था। इस बार फिर गंगा के बढ़े जल स्तर और तेज बहाव के कारण यह मार्ग हिंदू पुर से सरैया पुल तक कई जगह कटान की चपेट में आ गया जिसके कारण इस रास्ते पर आवागमन पूरी तरह रोक दिया गया है जिसका निरीक्षण डी एम और एस पी समेत कई विभागों के अधिकारीयों ने किया और कटान रोकने के उपाय करने के निर्देश दिए। लेकिन कटान इतनी तेज हुआ कि उपाय भी पूरी तरह सफल नहीं हो पाए। उधर जाजा मऊ निवासी रोहित शुक्ला ने बताया कि बाढ़ का पानी जाजा मऊ बाजार रोड तक पहुंच गया है क्षेत्र के कई गांवों तक जाने वाले सम्पर्क मार्ग या तो कट गए हैं या फिर उन पर पानी भर गया है जिससे गांव वाले निकल नहीं पा रहे हैं। हिंदूपुर और उसके पास नया बंगला के लोग पानी से होकर घर पहुंचते हैं। क्षेत्र के लगभग दो दर्जन से अधिक गांव बाढ़ के पानी से घिर गए हैं।

### खेत पर चल रहे इंजन में साड़ी फंसने से महिला घायल

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। थाना बेहटा मुजाबर क्षेत्र में एक महिला की साड़ी इंजन में फंस जाने के कारण वह गंभीर रूप से घायल गई। महिला खेत पर काम करने गई थी। तभी वह इंजन की चपेट में आ गई महिला की हालत नाजुक देखते हुए परिवार में कोहराम मच गया। जिसके बाद घायल महिला को सीएचसी बांगरमऊ ले जाया गया जहां से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

गुरुवार दोपहर एक बजे थाना बेहटा मुजाबर क्षेत्र अन्तर्गत गांव सलेमपुर निवासी पूनम पत्नी अम्बर लाल गुरुवार दोपहर अपने खेत पर पति के लिए खाना लेकर गई थी। खेत पर इंजन चल रहा था। किसी तरह महिला की साड़ी चलते हुए इंजन में फंस गई। जिससे महिला का शरीर इंजन के पट्टे में फंस गया और वह लहूलुहान हो गई.

डॉक्टर पीयूष मिश्रा ने बताया कि पंखे में फंसने के कारण महिला की गर्दन दब गई है.जिस कारण प्राथमिक उपचार के बाद जांच के लिए जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

## लखनऊ मंडल आयुक्त ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का किया दौरा

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। गंगा का जलस्तर निरंतर बढ़ रहा है। इससे बाढ़ की स्थिति बन गई है। लखनऊ मंडल की आयुक्त रोशन जैकब ने गुरुवार को प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया। उन्होंने विशेषकर शुक्लागंज नगर और आसपास के इलाकों का निरीक्षण किया। इन क्षेत्रों में गंगा का पानी रिहायशी इलाकों में घुस चुका है। आयुक्त ने जिला अधिकारी गौरांग राठी के साथ वोटर बोट से क्षेत्र का जायजा लिया। उन्होंने रविदास नगर, कर्बला और आनंद घाट का दौरा किया। स्थानीय लोगों से उनकी समस्याएं सुनीं। अधिकारियों को बाढ़ पीड़ितों की हर संभव मदद के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक समेत कई विभागों के अधिकारी मौजूद थे। आयुक्त ने राहत कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि कोई बाढ़ पीड़ित भूखा या असहाय नहीं रहना चाहिए। अधिकारियों को नावों की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए। खाद्य सामग्री और पीने के पानी की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित करने को कहा। चिकित्सा टीमों को सक्रिय रखने के आदेश दिए। राहत शिविरों की व्यवस्था को बेहतर करने पर जोर दिया गया। बाढ़ पीड़ितों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने की गति बढ़ाने को कहा। रहने, भोजन और स्वास्थ्यसेवाओं पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। राहत सामग्री के वितरण में पारदर्शिता बरतने को कहा। रविदास नगर और कर्बला जैसे घनी आबादी वाले इलाकों में पानी घरों के अंदर तक पहुंच गया है। लोग अपने परिवार और सामान को सुरक्षित स्थानों पर ले जाने को मजबूर हैं। नाव ही इन दिनों एकमात्र सहारा बन गई है। इस स्थिति को देखते हुए आयुक्त ने कहा कि प्रशासन को लगातार सतर्क रहना होगा और हालात बिगड़ने से पहले ही प्रभावी कदम उठाने होंगे। आयुक्त के इस दौरे से बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में रह रहे लोगों को उम्मीद जगी है कि प्रशासन उनकी समस्याओं को और गंभीरता से सुनेगा। मौके पर मौजूद कई लोगों ने अधिकारियों के सामने अपनी परेशानियां रखीं, जिनमें राशन की कमी, स्वास्थ्य सेवाओं का अभाव और साफ-सफाई की समस्या प्रमुख रही। निरीक्षण के बाद आयुक्त रोशन जैकब ने कहा कि प्रदेश सरकार बाढ़ पीड़ितों के साथ खड़ी है और किसी को भी कठिनाई नहीं होने दी जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट संदेश दिया कि राहत कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। लगातार बढ़ते गंगा के जलस्तर और बाढ़ के खतरे को देखते हुए अब पूरा प्रशासन अलर्ट मोड पर है।

## आयकर विभाग की टीम ने कई फैक्ट्रियों में की छापेमारी

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। अकरमपुर औद्योगिक क्षेत्र में आयकर विभाग ने गुरुवार सुबह बड़ी कार्रवाई की। विभाग की कई टीमें सुबह 8 बजे के करीब औद्योगिक क्षेत्र में पहुंचीं। टीमों ने यूरो फुटवियर समेत कई फैक्ट्रियों में एक साथ छापेमारी की। यूरो फुटवियर में सबसे बड़ी कार्रवाई की गई। फैक्ट्री के कर्मचारियों को बाहर निकाला गया। आयकर अधिकारियों ने परिसर को सील कर दिया। टीमें दस्तावेजों और कंप्यूटरों की जांच कर रही हैं। सूत्रों के अनुसार, टीमों के पास पहले से कुछ अहम जानकारी थी। कालेधन और टैक्स चोरी से जुड़ी जानकारियां जुटाई जा रही हैं। आयकर विभाग ने अभी तक कार्रवाई पर कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया है। छापेमारी की खबर से पूरे औद्योगिक क्षेत्र में हलचल मच गई। कर्मचारियों को अचानक बाहर निकाले जाने से अफरा-तफरी का माहौल बन गया। अन्य कारोबारियों और फैक्ट्री मालिकों में भी चिंता देखी जा रही है। वे अपने स्तर पर जानकारी जुटाने में लगे हैं।

## पुल की स्लैब में पड़ी सरिया हुई क्षतिग्रस्त

अमन लेखनी समाचार



पाटन, उन्नाव। बीघापुर तहसील क्षेत्र के बक्सर में गंगा नदी पर बना पुल की स्लैब में पड़ी सरिया कई जगह क्षतिग्रस्त होने से दो पहिया वाहनों के टायर अक्सर सरिया में फंसने से वाहन का संतुलन बिगड़ने से दो पहिया वाहन सवार गिर जाते है। स्थानीय लोगों ने पुल की अविलंब मरम्मत किए जाने की मांग की है। बक्सर में गंगा नदी में वर्ष 2006 में पुल का निर्माण सरकार द्वारा कराया गया था। जिसका लोकार्पण तत्कालीन विभागीय मंत्री शिवपाल सिंह यादव द्वारा किया गया। गंगा नदी में पुल बन जाने से फतेहपुर, बांदा, कानपुर, हमीरपुर, चित्रकूट आदि जिलों को लखनऊ जाने के लिए सीधा जोड़ता है। ट्रक व छोटे चार पहिया वालों को लखनऊ पहुंचने के लिए लगभग 50 किलोमीटर की दूरी कम हो जाती है। रायबरेली जनपद के गेगासो गंगा पुल को एक महीने पहले तकनीकी खराबी के कारण बंद कर दिया गया था। इसके बाद से बांदा से आने वाले गिट्टी-मौरंग लदे ट्रकों का आवागमन बक्सर पुल पर बेतहाशा बढ़ गया है। बक्सर गंगा पुल मात्र 20 वर्षों में ही क्षतिग्रस्त हो गया है। पुल की वर्तमान स्थिति के लिए ओवरलोड ट्रकों का लगातार आवागमन के चलते जगह-जगह पुल के स्लैब की सरिया बाहर निकल आई है। मौजूदा समय मे उक्त गंगा पुल से प्रतिदिन सैकड़ों छोटे बड़े वाहनों का आवागमन रहता है। शासन प्रशासन की ओर से अभी तक कोई समुचित कार्रवाई नहीं की गई है। पुल की मरम्मत के नाम पर दिखती दरारों की सरियों में सिर्फ तारकोल की मलहम पट्टी कर औपचारिकता पूरी कर दी जाती है। यदि समय से उक्त क्षतिग्रस्त गंगा पुल की मरम्मत का कार्य न कराया गया तो कभी भी बड़ी दुर्घटना की आशंका हो सकती है। बक्सर निवासी समाजसेवी ज्ञानेन्द्र सिंह 'मुन्ना' व बक्सर प्रधान प्रतिनिधि रामबदन ने बताया कि तहसील प्रशासन को पुल के स्लैब की सरिया निकलने की समस्या की जानकारी होने के बावजूद अभी तक कोई कार्यवाही नहीं की गई। बीघापुर पूर्व प्रमुख रामचन्द्र सिंह 'पप्पू', राहुल सिंह धानीखेड़ा, प्रकाश सिंह परौरी, माखन द्विवेदी कल्यानपुर, मनोज शुक्ला जगतपुर आदि ने शासन से स्थलीय निरीक्षण कर पुल की मरम्मत किए जाने की मांग की है।

## अपने समय पर नहीं पहुंचे चिकित्सक मरीजों में मची अफरा तफरी



अमन लेखनी समाचार

हसनगंज, उन्नाव। वायरल बुखार से पीड़ित मरीजों की संख्या गुरुवार को सीएचसी में अधिक पहुंचने से अफरा तफरी का माहौल बना रहा , महिला डॉक्टर के 12 बजे तक न पहुंचने से अधीक्षक ने महिला केविन में बैठकर महिलाओं को देख कर दवा लिखी। हसनगंज सीएचसी में गुरुवार को 302 मरीजों की संख्या पहुंचने से सीएचसी परिसर में भीड़ जमा हो गई अधिक भीड़ होने से परिसर में अफरा तफरी का माहौल बना रहा, महिला डॉक्टर गुलाटी व प्रीति 12 तक सीएचसी में नहीं आई इससे प्रसूता महिलाए डॉक्टर का इंतजार करती रही साढ़े 12 बजे अधीक्षक डाक्टर प्रमोद कुमार ने केबिन में बैठकर महिलाओं को देखकर दवा लिखी, सीएचसी अधीक्षक डाक्टर प्रमोद कुमार ने बताया कि डॉक्टर प्रीति छुट्टी पर हैं महिला डॉक्टर गुलाटी के न आने पर महिलाओं की भीड़ हो गई थी, जिन्हें देख कर दवा दी गई है।

## अपने निजी कोष से प्रधान शिक्षिका ने छात्र-छात्राओं को वितरित किया बैग

अमन लेखनी समाचार



पाटन, उन्नाव। प्राथमिक विद्यालय गौरी में प्रधान शिक्षिका शालिनी पांडेय ने विद्यालय में अपनी निजी संसाधन से बच्चों को बैग वितरित किया। जिसमें 23बैग पाकर बच्चों के चेहरे खिल गए। प्रधान शिक्षिका शालिनी पांडेय ने बताया कि 23 बच्चों को अपनी निजी आय से बैग लेकर दिया है। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के जिला उपाध्यक्ष गणेश शंकर गुप्ता व ब्लाक के महामंत्री संजीव मिश्रा ने प्रधान शिक्षिका द्वारा बच्चों को अपने निजी आय स्रोतों से बैग दिये जाने के कार्य की सराहना की और उन्होंने कहा अन्य शिक्षक बच्चों में शैक्षिक वातावरण उन्नयन के लिए उन्हें प्रोत्साहित करने का कार्य करते रहेंगे।

## सत्यापन समिति के सदस्यों का एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन




अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान योजनान्तर्गत पंचायत उन्नयन सूचकांक संस्करण व डेटा सत्यापन समिति के सदस्यों का एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में ग्राम पंचायत के विकास कार्यों के बेहतर संचालन के टिप्स दिए गए। ब्लाक कार्यालय के सभागार में आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला मे प्रशिक्षु टीम के सदस्य सुनील कुमार, सौरभ गुप्ता, विनोद कुमार यादव आदि ने राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान योजनांतर्गत पंचायत उन्नयन सूचकांक (पी ए आई) संस्करण 2 विषयक डेटा सत्यापन समित के सदस्यों तथा संबंधित हितधारकों को ग्राम सभा स्तर पर होने वाले विकास कार्यों तथा सामाजिक हितों हेतु उठाए जाने वाले कदम ,साफ सफाई आदि सहित अन्य विषयों पर महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। इस दौरान ए डी ओ पंचायत दीपकांत चोला, नितिन सिंह, विशाल, अरुण पाल, जंगबहादुर, ग्राम विकास अधिकारी, आनंद जी सुमन, रोहित सिंह आशीष, बृजेश, पंचम लाल, आदि सहित ब्लाक क्षेत्र के व ग्राम प्रधान, पंचायत सहायक, आरती यादव, सौम्या यादव, कल्पना, सुनील, आदि कर्मचारी मौजूद रहे।

## चोरी हुई बाइक चेकिंग के दौरान पुलिस ने की बरामद

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। मांखी थाना क्षेत्र के पूरा निस्फपंसारी गांव निवासी सुमित पुत्र राजाराम गुप्ता ने पुलिस को दी गयी तहरीर में आरोप लगाया था कि सोमवार को रऊ करना चौराहे पर स्थित दुकान के पास से उसकी मोटरसाइकिल चोरी हो गयी जिस पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकद्दमा दर्ज कर लिया था गुरुवार को शारदा नहर पुल के पास से वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस ने माखी के मोहल्ला सराय थोक निवासी विशाल यादव पुत्र राज कुमार को चोरी की मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार कर लिया और उसके खिलाफ कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया इस सम्बंध में थाना प्रभारी योगेश कुमार सिंह ने बताया कि वाहन चेकिंग के दौरान सोमवार को चोरी की गयी मोटरसाइकिल के साथ युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

## बाढ़ की चपेट में आए गांवों की विद्युत आपूर्ति की गई बंद

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। लगातार बढ़ रहे गंगा का जल स्तर अब सिकंदरपुरकर्ण दो दर्जन गाव बाढ़ की चपेट में आ गए है है क्षेत्र के तकरीबन 20 गांवों की विद्युत आपूर्ति काट दी गई है स्कूलों में ताला पड़ गया है। चार दिन से लगातार जल स्तर बढ़ रहा है । क्षेत्र के बंदीपुरवा, खन्ना पुर, टिकरी , पदमारा, बलाई, मॉलमऊ , घोसरापुर, मझरा ,टेढ़वां , चंदनपुर ,विभौरा, किशुनपुर, झौंहा ,शंकर खेड़ा, गौरी, त्रिभानपुर, मैकुआ खेड़ा आदि गांवों को चारों तरफ से घेर लिया है। ज्यादातर गांवों के अंदर बस्ती में पानी भर जाने से लोगों को भीषण समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। खरीफ की तैयार खड़ी धान, उड़द ,मूंग, तिल्ली, सब्जियों के डूब जाने से अन्नदाताओं को भारी नुकसान का सामना करना पड़ रहा है। विद्युत विभाग ने जल भराव वाले 20 गांवों की बिजली काट दी है। स्कूलो के अंदर पानी भर जाने से पठन पाठन बंद है। कटरी के प्रधान राम सिंह, अखिलेश कुमार, आरबी निषाद, जागरण यादव ने बताया कि किरासिन मिल नहीं रहा ,बिजली कट गई है सबसे ज्यादा परेशानी अंधेरी रातों को काटने में हो रही है।

## आकाशीय बिजली गिरने से किसान की मौत

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। सिकंदर पुर सरोसी क्षेत्र में बुधवार शाम करीमाबाद निवासी किसान गजराज की आकाशीय बिजली गिरने से मौत हो गई। गजराज अपने मवेशियों को बाढ़ के पानी से बचाने के लिए सुतिया तारा के पास ऊंचे स्थान पर ले जा रहा था। इस दौरान झमाझम बारिश शुरू हो गई। अचानक आकाशीय बिजली गिरी, जिसकी चपेट में गजराज और उनकी तीन भैंसें आ गईं। हादसे में गजराज और तीनों भैंसों की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने गजराज के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। यह घटना बाढ़ पीड़ित किसान के लिए दोहरी मार साबित हुई।

## मार्ग दुर्घटना में युवक की मौत, पत्नी व साथी घायल




अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। थाना क्षेत्र के गांव सराय निवासी एक युवक की मार्ग दुर्घटना में मौत हो गई। सूचना पर पहुंचे परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने विधिक कार्यवाही करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। गांव निवासी खुमान का लगभग पच्चीस वर्षीय पुत्र पिंटू बुधवार को पत्नी पूनम और साथी दीपू के साथ बाइक से दबौली गांव की तरफ दवा लेने गया था। वहां से देर रात बाइक से साथी गांव के ही दीपू और पत्नी के साथ घर लौट रहा था तभी अवस्थी खेड़ा गांव के पास बाइक पेड़ बांधकर ले जा रहे ट्रैक्टर के पेड़ से टकरा गई जिससे बाइक पर सवार पिंटू उसकी पत्नी और दीपू तीनों गिरकर घायल हो गए जिन्हें एंबुलेंस की सहायता से आसपास के लोग सी एच सी ले गए जहां डाक्टरों ने पिंटू को मृत घोषित कर दिया जबकि पत्नी और दीपू को उपचार के बाद घर भेज दिया गया।

## दो परिषदीय विद्यालय का एसडीएम ने किया निरीक्षण



अमन लेखनी समाचार

पुरवा, उन्नाव। विकास खण्ड के दो परिषदीय विद्यालयों का औचक निरीक्षण कर एसडीएम ने शैक्षिक एवं एमडीएम की गुणवत्ता को परखा। बृहस्पतिवार को उपजिलाधिकारी प्रमेश श्रीवास्तव ने प्राथमिक विद्यालय कन्धईखेड़ा तथा ऊंचगांव किला का औचक निरीक्षण किया। एसडीएम ने बच्चों से प्रश्नोत्तरी की जिसका जवाब सही मिलने पर छात्रों को उन्होंने शाबाशी दी। नामांकित छात्र संख्या की तुलना में उपस्थिति भी ठीक-ठाक मिली। मध्यान्ह भोजन मेन्यू के अनुसार दाल-रोटी बनवाया गया था। दोनों विद्यालयों में शिक्षक और शिक्षामित्र उपस्थित रहे। एसडीएम प्रमेश श्रीवास्तव ने बताया कि दोनों स्कूलों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और एमडीएम पाया गया। विद्यालय की व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गई।

## नानामऊ पुल पर मिली बाइक, युवक के गंगा में कूदने की आशंका, जांच में जुटी पुलिस

अमन लेखनी समाचार



बांगरमऊ, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के बांगरमऊ में रहने वाले युवक की गुरुवार शाम चार बजे को नानामऊ घाट पुल पर बाइक खड़ी मिली। बाइक मिलने से हड़कंप मच गया. मिली जानकारी के अनुसार बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत बहलोलपुर गांव निवासी इदरीश के तीन बेटे हैं.बड़ा बेटा शहंशाह, मंझला बेटा अरमान, छोटा बेटा सलमान बाहर रहकर गमले की दुकान चलाते हैं. अरमान के भाई शहंशाह ने बताया कि उनकी बड़ी बहन के पास अरमान ने फोन किया. और कहा कि बाइक नानामऊ घाट पर खड़ी है. और मेरा आज आखिरी दिन है.गंगा में छलांग लगाने जा रहा हूं.जिसके बाद बड़ा भाई शहंशाह मौके पर पहुंचा और देखा कि बाइक पुल पर खड़ी है। जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई.सूचना पर पहुंची पुलिस जांच पड़ताल में जुटी हुई है। देखते ही देखते पूरा गांव पुल पर पहुंच गया.

पर ये किसी ने नहीं देखा कि किसी युवक ने छलांग लगाई है। फिलहाल पुलिस नाविक चला रहे लोगो से पूंछा पर सभी ने इंकार किया है। जबकि भाई शहंशाह का कहना है कि दो बजे अरमान घर से निकले हैं.अभी एक सप्ताह पहले ही अरमान की मांगनी हुई है.हालांकि झगड़े को लेकर साफ इनकार किया है। ग्रामीणों के बीच कई तरह की चचाएं भी हो रहीं हैं.वही घटना के बाद से परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। वही कोतवाली प्रभारी चंद्रकांत सिंह ने बताया कि घटना की जानकारी मिली है और जांच की जा रही है।

## बाढ़ पीड़ितों से मिले विधायक बंटवाई राहत सामग्री

अमन लेखनी समाचार



सफीपुर, उन्नाव। क्षेत्रीय भाजपा विधायक बम्बलाल दिवाकर ने गंगा बाढ़ के मद्देनजर गंगा कटरी के दर्जनों गांव जल प्लावित हो गए है जो अपने गांव घर छोड़कर ऊपर इलाके में पशुओं सहित परिवार के साथ आश्रय लिए है । जिनका हाल चाल लेने और उनकी समस्याएं सुनने के लिए जमालनगर जंगलेश्वर मिजार्पुर मझगांवा हिंगलाज मंदिर गहौलीआदि जगहों पर बाढ़ पीड़ितों से मुलाकात की और समस्याओं की जानकारी ली और तहसीलदार देवेन्द्र कुमार से सभी बाढ पीड़ितों को लंच एवं राहत सामग्री वितरण करने के निर्देश दिए । इस मौके पर प्रभारी तहसीलदार देवेन्द्र कुमार कानून गो हरिनंदन लेखपाल सचेंद्र सिंह सहित राम संजीवन बिमल आशीष कन्नौजिया राजू चौहान लल्ला तिवारी मलखान सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

## बाइक सवार युवक की ई रिक्शा से हुई टक्कर, अस्पताल जाते समय रास्ते में मौत

अमन लेखनी समाचार




उन्नाव। आसीवन थाना क्षेत्र में बुधवार की रात रसूलाबाद सफीपुर सम्पर्क मार्ग बाइक ई रिक्शा की भिंडत में गभींर रुप से घायल बाइक सवार युवक को मियागंज अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया था हालत नाजुक होने पर जिला अस्पताल से हैलट अस्पताल कानपुर रेफर कर दिया गया परिजन अस्पताल ले जा रहे थे इसी बीच रास्ते में उसकी मौत हो गयी घटना की सूचना पर गुरुवार पुलिस ने आवश्यक कार्यवाही करते हुए शव पीएम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया पीएम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। लोचन खेडा गांव निवासी धीरज पुत्र प्रेम चन्द्र 22 बुधवार की शाम रसूलाबाद कस्बा किसी काम से आया था जहां से वह रात में वापस लौट रहा था इसी बीच करहिया गांव के पास सामने से आ रहे ई रिक्शा से भिंडत हो गयी जिसे गभींर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां हालत नाजुक होने पर हैलट अस्पताल कानपुर रेफर कर दिया गया लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गयी मृतक दो भाइयों के बीच छोटा था बडा भाई नीरज है तीन बहने जिनकी शादी हो चुकी है दुर्घटना के बाद ई रिक्शा चालक मौके से भाग निकला था जिसकी पुलिस तलाश कर रही है इस सम्बंध में थाना प्रभारी अरविंद कुमार पांडेय ने बताया कि मृतक के पिता ने अज्ञात ई रिक्शा चालक के खिलाफ तहरीर दी है मुकद्दमा दर्ज कर लिया गया है और मामले की जांच की जा रही है।

## सम्पादकीय

# युवा शक्ति की ताकत को समझें सरकारें

जब भी राजतंत्र असफल होता है, समस्याएं विकराल होने लगती है तो सबसे पहले युवा पीढ़ी मुखर होती है। बात चाहे श्रीलंका की हो, बांग्लादेश की या फिर अब नेपाल की। युवा बगावत का ऐसा बिगुल फूंकते हैं कि सरकारें असमर्थ नजर आती है। नेपाल में ओली सरकार के खिलाफ युवाओं ने बगावत कर दी है। राजधानी काठमांडू में युवा बेकाबू हो गए और चीन समर्थित ओली सरकार घुटनों पर आ गई। युवाओं को कंट्रोल करने के लिए पहले पुलिस ने लाठिया भांजी, फिर पहुंची सेना ने गोली चला दी, जिसमें अभी तक 20 युवाओं की मौत हो गई। सबसे ज्यादा हैरानी की बात तो यह कि प्रदर्शनकारी छात्र रोष जता रहे थे कि अमेरिकी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर बैन लगा दिए हैं, लेकिन चीनी सोशल मीडिया एक्टिव हैं। इस प्रदर्शन को शुरू करने के लिए भी चीनी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का सहारा लिया गया। असल में नेपाल में अचानक शुरू हुए इस प्रदर्शन के पीछे की वजह ओली सरकार का हालिया फैसला है। सरकार ने नियमों का हवाला देकर 26 सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर बैन लगा दिया। जिनमें यूट्यूब, फेसबुक और ट्विटर भी शामिल थे। प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली की सरकार का कहना था कि इन कंपनियों ने नेपाल सरकार के साथ रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया पूरी नहीं की, इसलिए यह कार्रवाई करनी पड़ी। लेकिन छात्रों और युवा वर्ग का आरोप है कि यह फैसला उनकी अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर सीधा हमला है। युवाओं का कहना है सरकार अपने भ्रष्टाचार को छिपाने के लिए उनके आवाज को दबाने की कोशिश कर रही है। दरअसल, साल 2020 से ही नेपाल की सुप्रीम कोर्ट में सोशल मीडिया कंपनियों के बिना लाइसेंस विज्ञापन और सामग्री प्रसारण को लेकर कई याचिकाएं लंबित थीं। पिछले दिनों नेपाली सुप्रीम कोर्ट ने सरकार को आदेश दिया कि सभी विदेशी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म देश में ऑपरेट करने के लिए कानूनी अनुमति और रजिस्ट्रेशन करवाएं। इसके बाद नेपाल के सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी मंत्री पृथ्वी सुब्बा गुरुङ के नेतृत्व में एक हाई लेवल बैठक की गई। जिसमें सभी गैर-रजिस्टर्ड प्लेटफॉर्म्स को सात दिन का अल्टीमेटम दिया गया। बावजूद इसके डेडलाइन बीतने के बाद भी फेसबुक, मेटा, एक्स, यूट्यूब और लिंक्डइन जैसी कंपनियों ने नेपाल सरकार से कोई बातचीत नहीं की। इसी से गुस्साई सरकार ने चार सितंबर को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर बैन लगा दिया। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अचानक लगे बैन ने युवाओं को हैरान कर दिया। आज के जमाने में जब लोगों के हाथों से एक सेकंड फोन नहीं छूट पाता, वहां बिना सोशल मीडिया के जिंदगी की कल्पना करना भी मुश्किल है। बैन लगा तो युवाओं का आक्रोश फूट पड़ा। वैसे भी वे लंबे समय से ओली सरकार के खिलाफ मुखर हो रहे थे। इस कदम ने उनका गुस्सा सातवें आसमान पर पहुंचा दिया। आंदोलनकारियों ने सीधे संसद पर हमला किया था। बांग्लादेश में भी यही मॉडल था। हजारों की संख्या में छात्रों ने संसद को घेर लिया। हजारों की संख्या में युवाओं ने राष्ट्रीय ध्वज लहराते हुए और भ्रष्टाचार बंद करो, सोशल मीडिया बैन हटाओ जैसे नारे लगाते हुए संसद का घेराव किया। इशारा साफ है कि युवा किसी भी सरकार की मनमानी सहने को तैयार नहीं है। दुनिया में कहीं भी हो वो मुखर हो रहे हैं और अपने अधिकार लेकर दम ले रहे हैं। ऐसा ही नेपाल में भी हुआ, सरकार को तुरंत कड़े फैसले लेने पड़े। उम्मीद करें कि नेपाल को देखकर दुनियाभर की सरकारें युवाओं की ताकत को समझेंगी।



स्वदेशी चिप

रोहित माहेश्वरी

# आत्मनिर्भर भारत की दिशा में बड़ा कदम

> भारत को चिप उत्पादन क्षेत्र में दिग्गज देश बनने के लिए निरंतर निवेश, अनुसंधान-विकास और विनिर्माण की आवश्यकता होगी। हाल ही में प्रधानमंत्री की जापान यात्रा से उम्मीद जगी है कि वह वैश्विक सेमीकंडक्टर डिजाइन पारिस्थितिकीय तंत्र विकसित करने में भारत के लिए मददगार साबित हो सकता है। यह सुखद ही है कि भारत में चिप उत्पादन परियोजनाओं में जापानी निवेश बढ़ रहा है। निश्चय ही भारत यदि अनुसंधान-विकास व व्यापार सुगमता की स्थितियां निर्मित कर लेता है तो हमारी सेमीकंडक्टर आयात के लिये दूसरे देशों पर निर्भरता कम हो सकती है।

भारत में बीते दिनों पहली 'मेड इन इंडिया' चिप, जी हां भारत ने 32-बिट माइक्रोप्रोसेसर सेमीकॉन इंडिया 2025 लॉन्च की गई। भारत में बनी यह पहली स्वदेशी चिप है। इस चिप का नाम है विक्रम। इस चिप को केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने लॉन्च किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी इस अवसर पर मौजूद रहे। किसी भी देश के लिए ये गर्व का क्षण है। केंद्र की इस महत्वाकांक्षी परियोजना के अंतर्गत 18 अरब डॉलर से ज्यादा के कुल निवेश वाली दस सेमीकंडक्टर परियोजनाएं देश में चल रही हैं। यह भारत की सेमीकंडक्टर आत्मनिर्भरता की दिशा में एक बड़ा कदम है। यह बताना अहम है कि दुनिया भर में बनने वाली चिप डिजाइनिंग का 20 प्रतिशत काम भारत में होता है।

कुछ साल पहले तक भारत में चिप निर्माण को असंभव मान लिया गया था, लेकिन अब इस साल से भारत में चिप का कमर्शियल निर्माण होने लगेगा। मतलब डेटा प्रोसेसिंग, स्टोरेज, कंट्रोल्स और कम्युनिकेशन्स जैसे कामों को अंजाम देने वाला सेमीकंडक्टर न सिर्फ मोबाइल, कंप्यूटर और इलेक्ट्रॉनिक्स के लिए अहम साबित होगी, बल्कि खेती-किसानी में भी किसानों को बड़ी राहत देगी। स्मार्ट सिंचाई, फसल की निगरानी और मौसम पूर्वानुमान जैसी आधुनिक तकनीकों में इसका उपयोग खेती की तस्वीर बदल सकता है। कुछ सालों में भारत इस चिप का निर्यातक भी बन जाएगा।

इसरो की सेमीकंडक्टर लैब ने विक्रम प्रोसेसर को बनाया है। यह भारत का पहला स्वदेशी 32-बिट माइक्रोप्रोसेसर है। यह लॉन्चिंग के दौरान मुश्किल हालातों में भी काम करने के लिए तैयार है। 2021 में इंडिया सेमीकंडक्टर मिशन शुरू होने के बाद से सिर्फ चार साल में भारत ने सेमीकंडक्टर के क्षेत्र में एक बड़ा बदलाव किया है। इस सपने को पूरा करने के लिए सरकार ने 76,000 करोड़ रुपये की प्रोडक्शन लिंक्ड इंसेंटिव योजना की घोषणा की है। इसमें से लगभग 65,000 करोड़ रुपये पहले ही दिए जा चुके हैं।

अभी चिप के लिए भारत पूरी तरह से आयात पर निर्भर करता है। अभी दुनिया में ताइवान, अमेरिका, चीन, दक्षिण कोरिया, मलेशिया जैसे देश चिप का निर्माण करते हैं। ऑटोमोबाइल और इंडस्ट्रियल इलेक्ट्रॉनिक्स जैसे सेक्टर में काफी संभावनाएं हैं। लेकिन मोबाइल फोन, आईटी और औद्योगिक उपयोग अभी भी सबसे ज्यादा कमाई वाले सेक्टर हैं। इन तीनों से लगभग 70 प्रतिशत तक होती है।

भारत इस क्षेत्र में एक प्रमुख वैश्विक खिलाड़ी बनने के लिये उत्सुक है। तभी सेमीकॉन इंडिया-2025 के उद्घाटन अवसर पर प्रधानमंत्री ने कहा कि वह दिन दूर नहीं है जब भारत की सबसे छोटी चिप दुनिया में बड़े बदलाव की नींव रखेगी। हालांकि, इस राह में अभी कई चुनौतियां हैं, लेकिन उम्मीद है कि छह सौ अरब डॉलर वाले वैश्विक सेमीकंडक्टर उद्योग में भारत की हिस्सेदारी आने वाले वर्षों में 45 से 50 अरब डॉलर की हो सकती है। वर्तमान में चिप के उत्पादन में ताइवान, दक्षिण कोरिया, जापान, चीन और अमेरिका जैसे देशों का वर्चस्व है। यहां तक कि छोटा-सा देश ताइवान दुनिया के लगभग साठ फीसदी से ज्यादा सेमीकंडक्टर का उत्पादन



कर रहा है। जिसमें करीब नब्बे फीसदी उन्नत सेमीकंडक्टर शामिल हैं।

दरअसल, कोविड संकट के बाद आधुनिक तकनीक व उन्नत उपकरणों में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका के चलते इस क्षेत्र में वैश्विक स्तर पर होड़ पैदा हो गई है। निस्संदेह, भारत को चिप उत्पादन क्षेत्र में एक दिग्गज देश बनने के लिए निरंतर निवेश, अनुसंधान-विकास और विनिर्माण की आवश्यकता होगी। हाल ही में प्रधानमंत्री की जापान यात्रा से उम्मीद जगी है कि वह वैश्विक सेमीकंडक्टर डिजाइन पारिस्थितिकीय तंत्र विकसित करने में भारत के लिए मददगार साबित हो सकता है। यह सुखद ही है कि भारत में चिप उत्पादन परियोजनाओं में जापानी निवेश बढ़ रहा है। निश्चय ही भारत यदि अनुसंधान-विकास व व्यापार सुगमता की स्थितियां निर्मित कर लेता है तो हमारी सेमीकंडक्टर आयात के लिए दूसरे देशों पर निर्भरता कम हो सकती है। सेमीकंडक्टर क्षेत्र में सफलता हासिल करने की दिशा में भारत का एक सशक्त पक्ष यह भी है कि दुनिया के लगभग बीस फीसदी चिप डिजाइन इंजीनियर भारत में हैं। दरअसल, इलेक्ट्रॉनिक्स व आईटी क्षेत्र में कामयाबी के लिये भारत सरकार ने सेमीकंडक्टर परियोजना के रूप में एक महत्वाकांक्षी लक्ष्य रखा है।

सरकार बड़ी घरेलू कंपनियों को संबल देने के लिए डिजाइन लिंक्ड इंसेंटिव यानी डीएलआई के तहत दिए जा रहे लाभ के विस्तार के साथ ही, इसके तहत दिए जाने वाले अनुदान को बढ़ाने पर गंभीरता से विचार कर रही है। जिसके तहत महत्वपूर्ण सेमीकंडक्टर उत्पादन परियोजनाओं के लिये केंद्र व राज्यों से प्रोत्साहन के रूप में परियोजना की कुल लागत का सत्तर फीसदी मिलना जारी रह सकता है। इस योजना के तहत केंद्र सरकार पचास फीसदी पूंजीगत सहायता दे रही है। वहीं राज्य सरकारें कुल परियोजना लागत का बीस फीसदी प्रोत्साहन दे रही हैं।

इस महत्वाकांक्षी परियोजना को भारत में गेम चेंजर टेक क्रांति माना जा रहा है। सेमीकॉन इंडिया 2025 के उद्घाटन मौके पर प्रधानमंत्री ने कहा भी कि सरकार इस मिशन और उसको तैयार करने से जुड़ी डीएलआई योजना के अगले फेज पर काम कर रही है। निश्चित रूप से केंद्र के प्रयासों से भारत चिप उत्पादन के वैश्विक महत्वाकांक्षी अभियान की दौड़ में तेजी से आगे बढ़ सकता है। दरअसल, डिजिटल डिवाइसों का मस्तिष्क कहा जाने वाला सेमीकंडक्टर कंप्यूटर, मोबाइल,राउटर, कार, सैटेलाइट जैसे उन्नत डिजिटल डिवाइस तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इन उपकरणों की कार्यकुशलता उन्नत चिप की ताकत पर निर्भर करती है। साधारण शब्दों में कहें चिप पतली सिलिकॉन वेफर पर बने लाखों-करोड़ों ट्रांजिस्टरों का संजाल है। जो कंप्यूटर करने, मेमोरी प्रबंधन व सिग्नल प्रोसेस करके डिवाइस को उन्नत बनाती है।

हमारे देश में 1962 के प्रयास किया गया था सेमीकंडक्टर के मैन्युफैक्चरिंग का एक इकोसिस्टम बने, जो पॉलिसी रही उस समय कि वो आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज देश में सेमीकंडक्टर का एक अच्छा इकोसिस्टम बन रहा है। भारत में इनकी बढ़ती मांग से नौकरियों के नए अवसर भी पैदा होंगे। साल 2024-25 में भारत में सेमीकंडक्टर की खपत 52 अरब डॉलर की थी। अब 2030 तक इस मार्केट के 13 प्रतिशत की सालाना दर से बढ़ने की उम्मीद है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शी सोच, दृढ़ इच्छाशक्ति और निर्णायक कार्रवाई से भारत ने यह उपलब्धि हासिल की है। उम्मीद है कि भारत का स्वदेशी चिप इस साल के आखिर तक बाजार में आ सकेगी। जिसका असर जियोपोलिटिक्स पर तो होगा ही, नये रोजगार सृजन का वातावरण भी बनेगा।

विचार

रवि शंकर



# मोहन युग में बदला बदला नजर आ रहा मध्यप्रदेश

पूऋग्वेद से ली गई एक संस्कृत सूक्ति "सम गच्छध्वं सम वदध्वं" जिसका अर्थ है कि हम सब एक साथ चलें, एक साथ बोलें और हमारे मन एक हों। यह संस्कृत सूक्ति एकता, सामंजस्य और आपसी समझ की भावना को बढ़ावा देने वाला है, ठीक वैसे ही जैसे प्राचीन देवता अपने-अपने उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए एक साथ काम करते थे। इसी भावना के साथ काम करते हुए मध्यप्रदेश आज एक ऐसे दौर में प्रवेश कर गया है जिसे मोहन युग कहा जा सकता है। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को प्रदेश की बागडोर संभाले हुए डेढ़ साल का समय हो गया है। बीते डेढ़ साल का आकंलन किया जाए तो डॉ. मोहन सियासी मोर्चे पर खुद को साबित करने के साथ-साथ प्रदेश को विकास की राह पर आगे ले जाने के मामले में भी सफल नजर आते हैं। लगभग दो दशक तक एक ही मुख्यमंत्री की छत्रछाया में रही प्रदेश की जनता के लिए एक नए मुख्यमंत्री को सहजता से स्वीकार कर पाना आसान नहीं था, लेकिन अपने कुशल नेतृत्व और कार्य क्षमता की बदौलत सीएम मोहन यादव ने 18 महीने के भीतर ही प्रदेशवासियों में अपनी ऐसी छाप छोड़ी कि पार्टी आलाकमान भी उनका कायल हो गया। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 13 दिसंबर 2023 को राज्य की सत्ता संभालने के बाद से प्रदेश में कई अहम योजनाओं और पहलों को अमलीजामा पहनाया है। उनके नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने डेढ़ साल में कई क्षेत्रों में विकास की दिशा में उल्लेखनीय कदम उठाए हैं। सीएम ने न केवल प्रशासनिक सुधार किए, बल्कि पर्यावरण, महिला सशक्तिकरण, उद्योग, निवेश,स्वच्छता और सामाजिक कल्याण जैसे विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों पर भी काम किया है। उन्होंने पिछली सरकार की कई कल्याणकारी योजनाओं को आगे ही नहीं बढ़ाया बल्कि कई नई योजनाओं की शुरुआत भी की। दरअसल, डॉ. मोहन यादव ने केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार के सुशासन की प्राथमिकता को आगे बढ़ाते हुए विकास पर जोर दिया। यू कहें प्रधानमंत्री के विजन को पूरा करने के लिए मध्य प्रदेश सरकार मिशन मोड में काम कर रही है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के सशक्त नेतृत्व में मध्य प्रदेश सरकार प्रधानमंत्री मोदी के मंत्र 'ज्ञान'(गरीब,युवा,अन्नदाता और नारी) के सशक्तिकरण पर विशेष फोकस कर रही है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, प्रधानमंत्री मोदी के विजन को मिशन के रूप में धरातल पर लागू करने हर संभव प्रयास कर रहे हैं। लोक कल्याणकारी योजनाओं की निरंतरता बनाए रखते हुए रोजगार के अवसर पैदा करने के लिए निवेश पर फोकस किया, लेकिन संघ और बीजेपी की हिंदुत्व की लाइन को कभी कमजोर नहीं पड़ने दिया। बेशक, मोहन यादव के मुख्यमंत्री बनते ही उनके सामने कई चुनौतियां थी। जिसमें सबसे पहली चुनौती अपने काम के बल पर सफलता की नई कहानी लिखने की थी। तो दूसरी तरफ चाणक्य बनकर राजनीति की आड़ी तिरछी चालों से मुकाबला करना था। हालांकि, डॉ. यादव ने अपनी कूटनीति और रणनीति से हर चुनौतियों का डटकर सामना किया। डॉ. मोहन यादव ने जब मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली थी, तब उनके सामने सबसे बड़ी चुनौती मध्य प्रदेश बीजेपी के ताकतवर नेताओं के कद्दावर कद के बीच में स्वयं को स्थापित करने की थी। मुख्यमंत्री मोहन यादव न केवल सरकार चलाने में सफल साबित हुए,बल्कि राजनीतिक मोर्चे पर भी सफल रहे। 2024 के लोकसभा चुनाव में जहां बीजेपी को यूपी जैसे राज्यों में काफी नुकसान का सामना करना पड़ा, वहीं मध्यप्रदेश में बीजेपी ने सभी 29 सीटों पर जीत हासिल कर विपक्ष और राजनीतिक पंडितों को हैरान कर दिया। मध्य प्रदेश में बीजेपी ने सभी 29 लोकसभा सीटों पर जीत हासिल की थी। यहां तक की देशभर में कांग्रेस के सबसे मजबूत गढ़ों में शामिल रही मध्य प्रदेश की छिंदवाड़ा लोकसभा सीट पर भी बीजेपी ने जीत हासिल की थी,यह काम बड़े-बड़े राजनीतिक धुंरधंर नहीं कर पाए थे,लेकिन मोहन यादव के नेतृत्व में बीजेपी ने 26 साल बाद कांग्रेस का सबसे मजबूत किला ढहा दिया।

# मन में निर्भयता लाती है मां दुर्गा की भक्ति साधना



संकलित

दर्शन

वैसे तो हिंदी वर्षानुसार वर्षा, शरद, शिशिर, हेमंत, वसंत व ग्रीष्म- छह ऋतुएं होती हैं, लेकिन मुख्य रूप से दो ही प्रधान हैं- सर्दी व गर्मी। इन दोनों प्रधान ऋतुओं की संधि बेला को नवरात्रि की संज्ञा दी गई है। दिन और रात्रि के मिलन को संध्याकाल कहते हैं। इस महत्वपूर्ण समय को ईश्वर की आराधना, भजन, संध्या, वंदन व आध्यात्मिक साधना में लगाया जाना चाहिए, क्योंकि यह समय अत्याधिक लाभदायी और कम श्रम से अधिक फल देने वाला माना गया है। संध्या काल को पुण्य पर्व भी कहा गया है। आरोग्य शास्त्र के विद्वानों को विदित है कि आश्विन व चैत्र मास में जो सूक्ष्म परिवर्तन होता है, उसका प्रभाव शरीर पर कितनी अधिक मात्रा में पड़ता है। यह बदलाव स्वास्थ्य पर कई प्रकार से प्रभाव डालता है। अनेकानेक रोग, ज्वर, चेचक आदि मनुष्य पर हावी होने लगते हैं। वैद्य जानते हैं कि वमन, विरेचन, स्वेदन, वस्ति, रक्त मोक्षण आदि शरीर शोधन कार्यों के लिए आश्विन और चैत्र का महीना ही सर्वाधिक उपयुक्त होता है। ऐसे समय में ही साधना का महत्वपूर्ण पर्व आता है। हिंदू परंपरा के अनुसार, भारतीय पर्व और त्योहारों में नवरात्रि पर्व का अत्यधिक महत्व है। यह वर्ष में दो बार आता है। दुर्गावतरण की पावन कथा भी इसके साथ जुड़ी हुई है। देवत्व के संयोग से असुर निकंदिनी महाशक्ति के उद्भव का महत्व हर युग में रहा है। युग की भयावह समस्याओं से त्राण पाने के लिए युग शक्ति के उद्भव की कामना हर मन में उठती है। अधिकांश लोग व्रत, उपवास एवं अनुष्ठान करते हैं।

# जरूरतमंदों की मदद ही सबसे बड़ी सेवा



संकलित

प्रेरणा

एक वैद्य गुरु गोविंद सिंह के दर्शन के लिए आनन्दपुर गया। वहाँ गुरुजी से मिलने पर उन्होंने कहा कि जाओ और जरूरतमंदों को सेवा करो। वापस आकर वह रोगियों की सेवा में जुट गया। शीघ्र ही वह पूरे शहर में प्रसिद्ध हो गया। एक बार गुरु गोविंद सिंह स्वयं उसके घर पर आए। वह बहुत प्रसन्न हुआ, लेकिन गुरुजी ने कहा कि वे कुछ देर ही ठहरेंगे। तभी एक व्यक्ति भागता हुआ आया और बोला- वैद्य जी, मेरी पत्नी की तबियत बहुत खराब है। जल्दी चलिए अन्यथा बहुत देर हो जाएगी। वैद्य जी असमंजस में पड़ गए। एक ओर गुरु थे, जो पहली बार उनके घर आए थे। दूसरी ओर एक जरूरतमंद रोगी था। अंततः वैद्यजी ने कर्म को प्रधानता दी और इलाज के लिए चले गए। लगभग दो घण्टे के इलाज और देखभाल के बाद रोगी की हालत में सुधार हुआ। तब वे वहाँ से चले, उदास मन से उन्होंने सोचा कि गुरुजी के पास समय नहीं था। अबतक तो वे चले गए होंगे फिरभी वैद्यजी भागते हुए वापस घर पहुँचे। घर पहुँचकर उन्हें घोर आश्चर्य हुआ। गुरुजी बैठे उनकी प्रतीक्षा कर रहे थे। वैद्यजी उनके चरणों पर गिर पड़े। गुरु गोविंद सिंह जी ने उन्हें गले से लगा लिया और कहा- तुम मेरे सच्चे शिष्य हो। सबसे बड़ी सेवा जरूरतमंदों की मदद करना है।

## विशाल बद्री के दर्शन



उत्तराखंड के चमोली जिले में स्थित बद्रीनाथ के कपाट श्रद्धालुओं के लिए सोमवार को खुले रहे। भक्तों ने बद्रीनाथ धाम के दर्शन किए।

## आज की पाती

### किसानों के लिए आफत बनती बारिश

कभी सूखे के कारण तो कभी बेमौसमी बारिश देश की कृषि के लिए आफत बनती है। कुछ राज्यों में पिछले कुछ दिनों से भारी बारिश हो रही है, जबकि इस समय तक बरसात के मौसम का अलविदा कहने का समय है। यह बारिश धान और अन्य मौसमी फसलों के लिए बहुत हानिकारक सिद्ध हो रही है। यह बारिश मात्र फसलों के लिए ही हानिकारक नहीं है, बल्कि प्राणी जाति के लिए भी बहुत ज्यादा हानिकारक है। इससे फसल चक्र का सिस्टम तो बिगड़ ही रहा है, जिससे फसलों की पैदावार प्रभावित हो रही है, साथ ही यह हमें बीमारियों की तरफ भी धकेल रही है। लेकिन सवाल तो यह है कि बेमौसमी बारिश का आखिर क्या कारण है। ऐसे में, प्रकृति का संरक्षण ही एकमात्र समाधान नजर आता है। *– सतीश पटेल, धमतरी*

## करंट अफेयर

# गुयाना के राष्ट्रपति अली ने दूसरी बार शपथ ली

गुयाना के राष्ट्रपति इरफान अली ने पिछले सप्ताह हुए चुनावों में जीत दर्ज करने के बाद रविवार को दूसरी बार पद की शपथ ली। चुनाव आयोग ने अली की जीत की पुष्टि करते हुए कहा कि उन्होंने 'भारी बहुमत' से चुनाव जीता है और उनकी 'पीपुल्स प्रोग्रेसिव पार्टी' ने संसद की 65 में से 36 सीट पर जीत हासिल की है। उनकी यह जीत ऐसे वक्त में हुई है जब यह दक्षिण अमेरिकी देश अपतटीय तेल और गैस उत्पादन से अप्रत्याशित लाभ कमा रहा है। ब्राजील, वेनेजुएला और सूरीनाम के बीच स्थित गुयाना ने एक दशक पहले अपतटीय क्षेत्र में खोजे गए विशाल तेल भंडारों और खनिज संपदा के कारण अधिकाधिक ध्यान आकर्षित किया है।



## ऑफ बीट

# जाने कुछ ब्लैक होल दूसरों से बड़े क्यों?

ब्लैक होल घने खगोलीय पिंड होते हैं, जिनका गुरुत्वाकर्षण इतना मजबूत होता है कि कुछ भी खुद में समेट लेते हैं, यहां तक कि प्रकाश भी, इससे बच नहीं सकता है। जो कुछ भी ब्लैक होल के गुरुत्वाकर्षण प्रभाव की सीमा को पार करेगा, वह ब्लैक होल में गिर जाएगा। इस गहरे, घने गड्ढे के अंदर, इसे फिर कभी नहीं देखा जा सकेगा। ब्लैक होल ब्रह्मांड में यहां-वहां फैले रहते हैं। हमारी आकाशगंगा जैसी आकाशगंगाओं में कुछ छोटे ब्लैक होल बेतरतीब ढंग से बिखरे हुए हैं। अन्य विशाल ब्लैक होल, जिन्हें 'सुपरमैसिव' ब्लैक होल कहा जाता है, आकाशगंगाओं के केंद्र में स्थित हैं।



## ट्रेंड

### गौरव का क्षण



बिहार में आयोजित एशिया कप 2025 में शानदार जीत के लिए हमारी पुरुष हॉकी टीम को बधाई। यह जीत इसलिए और भी खास है क्योंकि उन्होंने गत विजेता दक्षिण कोरिया को हराया है। यह भारतीय हॉकी के लिए गौरव का क्षण है।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### गलती को स्वीकारना



मिच्छामी दुक्कड़म। जाने-अनजाने में गत वर्ष अगर मुझसे कोई भी भूल-चूक हुई हो, तो मैं आप सभी से हृदय से क्षमा चाहता हूँ। सबसे क्षमा, सबको क्षमा, उत्तम क्षमा। क्षमा हृदय की सबसे बड़ी ताक़त है। क्षमावाणी पर्व हमें यही सिखाता है कि सच्चा साहस अपने अहंकार को छोड़कर गलती को स्वीकारना।

- शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय मंत्री

### मानस की यात्रा



तीन साल पहले कन्याकुमारी के सागर तट से भारत जोड़ो यात्रा की शुरुआत हुई थी। वह सिर्फ पैदल नहीं, बल्कि मानस की यात्रा थी। भारत को पुनः खोजने की यात्रा। 'दक्षिणायन' पर उस दिन कही बातें अब भी भीतर और बाहर की यात्रा में गूंज रही हैं।

- योगेंद्र यादव, अध्यक्ष भारत स्वराज

### मैं फैशन करूं



कल मिलने गया मां दुलारी को। शुरू हो गई कि मैं लेफ्ट हैंड में कुछ नहीं पहनता हूँ। वो चाहती है की मैं फैशन करूं। राजू भाई साहब ने फुल पैंट पहनी हुई थी। मां के नजरिए से राजू ने वेट भी कम किया है।

- अनुपम खेर, अभिनेता

## संक्षेप

### अवैध हथियार के साथ युवक गिरफ्तार

**हलियापुर पुलिस ने देशी तमंचा और कारतूस के साथ आरोपी को पकड़ा**

सुलतानपुर, पुलिस ने अवैध हथियार रखने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। हलियापुर थाना पुलिस ने 9 सितंबर 2025 को एक विशेष अभियान के दौरान कार्रवाई की। पुलिस अधीक्षक सुलतानपुर के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान में थानाध्यक्ष तरुण कुमार पटेल के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कांपा गांव के रहने वाले हरिकेश सिंह को गिरफ्तार किया। हरिकेश केदारनाथ सिंह के पुत्र हैं। आरोपी के पास से एक देशी तमंचा .315 बोर और एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया। पुलिस ने मौके पर ही थाना हलियापुर में मुकदमा संख्या 98/2025 के तहत आर्म्स एक्ट की धारा 3/25 में मामला दर्ज किया। गिरफ्तारी में उप-निरीक्षक रामधनी वर्मा, कांस्टेबल शीलू राठौर और कांस्टेबल रामबली राम की टीम शामिल रही। आरोपी को कानूनी कार्रवाई के बाद न्यायालय में पेश किया गया।

### केंद्रों का औचक निरीक्षण

**भदैया में 38 में से सिर्फ 17 बच्चे मिले उपस्थित, कई केंद्रों में सहायिका का पद खाली**

सुलतानपुर, भदैया विकास खंड के सीडीपीओ दयाराम ने मंगलवार को आधा दर्जन आंगनबाड़ी केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। सबसे पहले विकवाजितपुर केंद्र का निरीक्षण किया गया। यहां तीन से छह वर्ष के नामांकित 38 बच्चों में से केवल 17 बच्चे ही उपस्थित मिले। विकवाजितपुर केंद्र में कार्यकर्ता मालती देवी और सहायिका उर्मिला चौरसिया मौजूद थीं। सीडीपीओ ने कार्यकर्ता को बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने और फेस कैपचरिंग पूरा करने के निर्देश दिए। इसके बाद मिश्रपुर पुरैना आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया गया। केंद्र प्रथम पर कार्यकर्ता सुमन वर्मा और सहायिका सुमित्रा उपस्थित थीं। केंद्र द्वितीय पर कार्यकर्ता अमरावती मिलीं, लेकिन यहां सहायिका का पद रिक्त है। सीडीपीओ दयाराम ने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्रों का औचक निरीक्षण जारी रहेगा। लापरवाही बरतने वाले कार्यकताओं के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाएगी। उनके औचक निरीक्षण की खबर से अन्य आंगनबाड़ी केंद्रों में हलचल मच गई।

### भदैया ब्लॉक क्षेत्र में मनरेगा में 4 लाख का फर्जी

**मत्स्य पालक ने खुद के पैसे से खुदवाया तालाब, प्रधान ने बताया सारे आरोप गलत**

सुलतानपुर, भदैया ब्लॉक के बेलसौना गांव में मनरेगा योजना में घोटाला सामने आया है। गांव की निवासी प्रेमकुमारी ने मत्स्य पालन के लिए गाटा संख्या 50 में तालाब का पट्टा लिया। उन्होंने अपने खर्च से जेसीबी मशीन से तालाब की खुदाई करवाई। साथ ही चारों तरफ बंधा भी बनवाया। जेसीबी मशीन लगभग 25-30 घंटे तक चली। इस दौरान सारा खर्च प्रेमकुमारी ने किया। लेकिन ग्राम प्रधान ने अधिकारियों से मिलकर इस काम को मनरेगा योजना में दर्ज करा दिया।

# जलशक्ति मंत्री स्वतन्त्र देव सिंह ने गिरिजापुरी बैराज का किया निरीक्षण

## कटान प्रभावित ग्रामों के लिए कार्ययोजना तैयार करने के दिये निर्देश

**बैराज की क्षमता तथा वाटर डिस्चार्ज के सम्बन्ध में प्राप्त की जानकारी**

अमन लेखनी समाचार

मिथिलेश जायसवाल/संतोष मिश्रा



बहराइच। मंत्री, जल शक्ति विभाग (सिंचाई एवं जल संसाधन, बाढ़ नियंत्रण, परती भूमि विकास, लघु सिंचाई, नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग) स्वतन्त्र देव सिंह ने प्रमुख सचिव सिंचाई अनिल गर्ग के साथ जनपद भ्रमण के दौरान गिरिजापुरी बैराज का निरीक्षण कर नदियों का जल स्तर, वाटर डिस्चार्ज तथा बैराज की क्षमता इत्यादि के बारे में जानकारी प्राप्त करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिये। बैराज निरीक्षण के दौरान ग्राम चहलवा, विजय नगर, मोहरावा व जंगल गुलरिहा आदि कटान प्रभावित ग्रामों के ग्रामवासियों ने मंत्री श्री सिंह से ग्राम को कटान से सुरक्षित कराये जाने के अनुरोध पर विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि सम्बन्धित ग्रामों हेतु कटान रोधी कार्य का प्रस्ताव तैयार किया जाय। निरीक्षण के उपरान्त गिरिजा बैराज स्थित बाढ़ नियंत्रण कक्ष में विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक कर जनपद में बाढ़ व कटान की स्थिति की जानकारी प्राप्त करते हुए अधि.अभि. सरयम नहर ड्रेनेज खण्ड जे.पी. वर्मा को निर्देश दिया कि जनपद में हुई कटान से सम्बन्धित विवरण उपलब्ध करायें।सिंचाई मंत्री श्री सिंह यह भी निर्देष दिया कि अधि.अभि. गिरिजापुरी बैराज व ड्रेनेज खण्ड को निर्देश दिया कि संयुक्त रूप से घाघरा में मिजने वाले नेपाल राष्ट्र के नदी-नालों इत्यादि के विषय गहन अध्ययन कर विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर उपलब्ध करायें। प्रमुख सचिव श्री गर्ग ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि घाघरा नदी की सिल्ट सफाई के लिए कार्ययोजना तैयार करें। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र, अधीक्षण अभियन्ता सिंचाई रजनीकान्त अग्रवाल व बाढ़ खण्ड के श्याम जी चौबे, विभागाध्यक्ष संदीप कुमार, उप जिलाधिकारी मिहींपुरवा (मोतीपुर) राम दयाल, पुलिस क्षेत्राधिकारी श्रीमती हर्षिता तिवारी, नोडल अधि.अधि. सरयू नहर खण्ड-5 दिनेश कुमार, अधि.अभि. सरयू नहर ड्रेनेज खण्ड जे.पी. वर्मा, अधि.अभि. जल निगम सूरज वर्मा, खण्ड विकास अधिकारी मिहींपुरवा विनोद यादव सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# कैसरगंज पुलिस ने चलाया जन जागरण अभियान सतर्क रहें सजग रहेः उप निरीक्षक

अमन लेखनी समाचार



कैसरगंज, बहराइच। ग्राम मंझारा तौकली में आदमखोर भेड़िये का आतंक को देखते हुए पुलिस प्रशासन द्वाराजन जागरण अभियान चलाया जा रहा है। मालूम हो कि कैसरगंज थानाक्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत मंझारा तौकली के परागपुरवा में मंगलवार रात्रि एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई थी। घटना में रामजीत की 5 वर्षीय पुत्री ज्योति को एक आदमखोर भेड़िया उठा ले गया था। घटना के बाद गांव में दहशत का माहौल व्याप्त हो गया। इसी क्रम में उप निरीक्षक रविंद्र कुमार चंद्रा के साथ कांस्टेबल लकी यादव और कांस्टेबल दिलीप यादव व पूर्व प्रधान मझारा तौकली सतगुरु प्रसाद के साथ उक्त ग्राम पंचायत में ऑटो रिक्शा पर हॉर्न बांधकर ग्राम पंचायत में जन जागरण अभियान चलाकर लोगों को जागरूक करती नजर आई। इस घटना के बाद से पूरे क्षेत्र में भय और चिंता का माहौल हो गया था। प्रशासन एवं वन विभाग द्वारा आम जनता से निम्न सावधानियाँ बरतने की अपील की जा रही है। छोटे बच्चों को अकेले घर से बाहर न निकलने दें।रात के समय या सुनसान/जंगल क्षेत्र में जाने से बचें। समूह में चलें और सतर्क रहें। किसी भी संदिग्ध जानवर या घटना की जानकारी तुरंत ग्राम प्रधान, स्थानीय पुलिस या वन विभाग को दें। पुलिस क्षेत्राधिकारी के निर्देश रवी खोखर पर थाना प्रभारी कैसरगंज सुरेन्द्र शर्मा के नेतृत्व में उप निरीक्षक रविंद्र कुमार चंद्रा के द्वारा आदमखोर जानवर के बारे में जन जागरण चलाया जा रहा है। आदमखोर भेडिया की आहट की अगर सुनाई पड़ रही है तो तत्काल पुलिस प्रशासन को अवश्य दें।

# कृषि विज्ञान केंद्र नानपारा में वैज्ञानिक सलाहकार समिति की बैठक संपन्न

अमन लेखनी समाचार

बहराइच। आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय कुमारगंज, अयोध्या द्वारा संचालित कृषि विज्ञान केंद्र नानपारा द्वितीय में निदेशक प्रसार की अध्यक्षता में वैज्ञानिक सलाहकार समिति बैठक आयोजित की गई। बैठक की शुरूआत में केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉ संदीप कुमार द्वारा केंद्र द्वारा कराए जा रहे कार्यक्रमों एवं पिछले बैठक में दिए गए सुझाव के कार्यवाही की विस्तृत चर्चा की।इसके उपरांत केंद्र के सभी वैज्ञानिक अपने-अपने विषयों की प्रगति प्रतिवेदन एवं आगामी वर्ष की कार्य योजना की विस्तृत चर्चा की।इस बैठक में जनपद के उपनिदेशक कृषि द्वारा प्राकृतिक खेती एवं एकीकृत नाशीजीव प्रबंधन के बारे में प्रशिक्षण एवं प्रदर्शन कराए जाने का सुझाव दिया। इसी क्रम में जिला उद्यान अधिकारी द्वारा सब्जियों की अच्छे गुणवत्ता की नर्सरी उत्पादन पर चर्चा की साथ में जिला गन्ना अधिकारी ने सुझाव दिया कि जिले में बायोलॉजिकल लैब की स्थापना की जाए। इसके अलावा पादप सुरक्षा अधिकारी बहराइच, इफको के क्षेत्राधिकारी, आगा खां फाउंडेशन, क्षेत्रीय पशु चिकित्सा अधिकारी, जिला कृषि रक्षा अधिकारी प्रिया नंदा, कृषि विज्ञान केन्द्र बहराइच के वैज्ञानिक डॉ नंदन सिंह ने अपने-अपने सुझावों को प्रस्तुत किया। समिति के प्रगतिशील कृषक सदस्यों

रामप्रवेश मौर्य, कैलाश नाथ वर्मा, गीता देवी, नरेंद्र वर्मा, गुरनाम सिंह, शिवकुमार सभी ने अपने-अपने सुझावों को प्रस्तुत किया। केंद्र के सभी वैज्ञानिक डॉ पीके सिंह, सुनील कुमार, श्रीमती रेनू आर्य, उमेश कुमार, संदीप कुमार गौतम, डॉ सूर्यबली सिंह के अलावा केंद्र के कर्मचारी जयेश सचान, बृजेश कुमार सिंह, उपेंद्र सिंह सहित सभी लोग उपस्थित रहे।

# किसान को अपने खेत पर रास्ता बनाने से रोका

**सुल्तानपुर में विपक्षियों ने गेट और पिलर तोड़े, एसडीएम ने दिया कार्रवाई का आश्वासन**

## नेपाल से भागे हुए 6 कैदी सीमा पार करने की कोशिश में एसएसबी के हत्थे चढ़े

अमन लेखनी समाचार



रुपईडीहा, बहराइच। पड़ोसी मित्र राष्ट्र नेपाल की स्थिति को देखते हुए एस एस बी 42 वी वाहिनी के कमांडेंट गंगा सिंह उदावत के निर्देश पर एसएसबी व रूपईडीहा पुलिस ने बीमा क्षेत्र में संयुक्त गस्त कर क्षेत्र वासियों को सुरक्षा का एहसास दिलाया।

नेपाल सीमावर्ती ग्राम पंचायत शिवपुरी मोहनिया में गुरुवार को एसएसबी और पुलिस की संयुक्त टीम ने पैदल फ्लैग मार्च किया। नेपालगंज (जिला बांके) में आंदोलनकारियों द्वारा किए जा रहे हिंसक प्रदर्शन, तोड़फोड़ और जेल तोड़कर भागे कैदियों को लेकर सुरक्षा एजेंसियां पूरी तरह सतर्क हैं।इस गस्त के दौरान नेपाल से भागे हुए 6 कैदी सीमा पार करने की कोशिश में एस एस बी के हाथ लगे जिन में से 4 कैदियों को एस एस बी ने नेपाल पुलिस को सौंप दिया। तथा दो कैदियों से पूछताछ की जर्सी है भागे हुए सभी कैदी लखीमपुर जिले के बताए जा रहे है।42वीं वाहिनी एसएसबी के कमांडेंट गंगा सिंह उदावत के दिशा-निर्देशन में असिस्टेंट कमांडेंट अभिषेक के नेतृत्व में यह फ्लैग मार्च निकाला गया। इस दौरान आदर्श थाना कोतवाली के उप प्रभारी निरीक्षक भी पुलिस टीम के साथ मौजूद रहे। संयुक्त टीम ने शिवपुरी मोहनिया के जंगलों से होकर गुजरने वाले मार्गों पर आने-जाने वालों की सघन चेकिंग की। सीमा क्षेत्र से गुजरने वाले हर व्यक्ति पर कड़ी नजर रखी गई।

फ्लैग मार्च के दौरान उपनिरीक्षक सूर्यभान यादव, आलोक शुक्ला, कांस्टेबल कुलदीप चौधरी, सुबिंद्र यादव, अर्जुन मौर्या तथा एसएसबी 42वीं वाहिनी के जवान अभिषेक चौधरी व हरि प्रसाद राय ने सक्रियता दिखाई।

# नेपालगंज कारागार में कैदियों का विद्रोह

अमन लेखनी समाचार

मोहम्मद कौशर

रुपईडीहा, बहराइच। बृहस्पतिवार को पड़ोसी मित्र राष्ट्र नेपाल में हालात सामान्य रहे। भारत-नेपाल सीमा पर दिनभर आवागमन जारी रहा और दोनों तरफ से लोग सामान्य रूप से आते-जाते रहे। अधिकांश क्षेत्रों से किसी बड़ी अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली। हालाँकि नेपालगंज में एक बड़ी घटना ने प्रशासन को सतर्क कर दिया। जानकारी के अनुसार नेपालगंज कारागार में कैदियों ने विद्रोह कर जेल का मुख्य द्वार तोड़कर भागने का प्रयास किया।कारागार के अंदर नारेबाजी करते हुए आगजनी की। स्थिति को गंभीर होता देख नेपाली सेना, सशस्त्र बल और सिविल पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए जेल को चारों ओर से घेर लिया। मुठभेड़ के दौरान एक कैदी को पैर में गोली लगी, जिसे इलाज के लिए भेरी आंचल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सेना और पुलिस की मुस्तैदी से सभी कैदियों को दोबारा पकड़कर जेल में बंद कर दिया गया। घटना के बाद एहतियातन नेपालगंज शहर में निषेधाज्ञा लागू कर दी गई है। प्रशासन ने पांच या उससे



अधिक लोगों के एक स्थान पर एकत्र होने पर प्रतिबंध लगा दिया है। साथ ही हर प्रकार के जुलूस, धरना और प्रदर्शन पर रोक लगा दी गई है। शाम 7 बजे से सुबह 6 बजे तक शहर में कर्फ्यू लगाया गया है।

# नेपाल में हिंसक आंदोलन के बीच भी कायम रहा रोटी बेटी का संबंध

**फैजाबाद के रेशू खान ने नेपाल की बेटी से रुपईडीहा मे रचाई शादी**

**सीमा बंद होने के बावजूद एक दूसरे के हुए वर-वधू**

अमन लेखनी समाचार / मो0 कौसर



रुपईडीहा, बहराइच। भारत-नेपाल सीमा पर पड़ोसी मित्र राष्ट्र नेपाल में हुए हिंसक आंदोलन के बाद स्थिति बिगड़ने पर सीमा सील कर दी गई थी। इस निर्णय से दोनों ओर के लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। चूँकि भारत और नेपाल के बीच रोटी-बेटी का संबंध है, ऐसे में अनेक परिवार शादी-ब्याह और रिश्तेदारी को लेकर चिंतित दिखाई दिए। इसी बीच बुधवार को फैजाबाद निवासी रेशू खान पुत्र स्वर्गीय इस्लाम खान की बारात नेपालगंज जानी थी। रेशू खान की शादी नेपालगंज वार्ड नंबर 8 निवासी शबाना जहाँ, पुत्री ऐनुल हक वारसी के साथ तय हुई थी। तय तारीख पर बारात जब रुपईडीहा सीमा पर पहुँची तो सुरक्षा कारणों से तैनात एजेंसियों ने बारातियों को नेपालगंज जाने की अनुमति नहीं दी। स्थिति अचानक बदल जाने से वर-वधू पक्ष परेशान हो उठे। हालांकि, परिवारजनों ने तत्काल निर्णय लेते हुए वधू पक्ष को रुपईडीहा बुलाया। इसके बाद कस्बे में ही रिश्तेदार के घर पर इस्लामी रीति-रिवाज के अनुसार विवाह संपन्न कराया गया। बारातियों के स्वागत के लिए स्थानीय स्तर पर नाश्ते और भोजन का भी प्रबंध किया गया। विवाह समारोह भले ही सीमा पार नहीं हो सका, लेकिन दोनों परिवारों ने परिस्थिति का समाधान निकालते हुए इसे यादगार बना दिया। यह शादी सीमाई कस्बे रुपईडीहा में लंबे समय तक चर्चा का विषय बनी रहेगी।

# दरोगाओं को पीटने वाले फौजी भाई रिहा

## अलीगढ़ में चौकी में मारपीट की थी, सैन्य अधिकारियों ने एसएसपी से बात कर समझौता कराया

अमन लेखनी समाचार



अलीगढ़, अतरौली थाना क्षेत्र की कस्बा चौकी में चौकी इंचार्ज समेत दो दरोगा और एक कॉन्स्टेबल से मारपीट करने वाले फौजी भाइयों को रिहा कर दिया गया है। देर रात उन्हें रिहा किया गया है। पुलिस कर्मियों से मारपीट के बाद उनके खिलाफ अतरौली थाने में मुकदमा दर्ज हुआ था और रिमांड लेकर उन्हें जेल भेज दिया गया था। फौजी भाइयों की गिरफ्तारी के बाद ग्रामीणों ने इसका विरोध किया था और सेना के बड़े अधिकारी मथुरा और आगरा से अलीगढ़ पहुंचे थे। पहले दिन सेना के अधिकारियों के कहने पर आरोपी पुलिस कर्मियों पर भी मुकदमा हुआ था।इसके बाद सैन्य अधिकारियों के दखल के बाद इस मामले में समझौता हो गया था और दोनों पक्षों के मुकदमे खत्म करने की कार्रवाई शुरू कर दी गई थी। अतरौली कस्के के नगाइचपाड़ा के रहने वाले अजीत सिंह और उनका भाई अनिल सिंह भारतीय सेना में हैं। उनकी तैनाती जम्मू में है और दोनों बीते दिनों छुट्टी पर अपने घर आए हुए थे।30 अगस्त को वह कस्बे की पुलिस चौक में अपने एक परिचित के मुकदमे में हुई कार्रवाई की पूछताछ करने के लिए गए थे।यहां उनका चौकी प्रभारी संदीप वर्मा से विवाद हो गया था। जिसके बाद नौबत मारपीट तक आ गई थी।दोनों भाइयों ने चौकी प्रभारी संदीप, उनके सेकेंड अफसर एसआई सत्यप्रकाश सिंह और एक कॉन्स्टेबल से मारपीट की थी। दोनों फौजी भाइयों ने चौकी इंचार्ज और अन्य पुलिस कर्मियों को लहूलुहान कर दिया था। चौकी इंचार्ज और अन्य पुलिस कर्मियों से मारपीट की बात जब थाने तक पहुंची थी तो थाना प्रभारी सत्यवीर सिंह फोर्स के साथ पहुंचे थे और दोनों भाइयों को बल प्रयोग करते हुए गिरफ्तार किया था। दोनों भाइयों से मारपीट का लोगों ने वीडियो बना लिया था। घटना के अगले दिन 31 अगस्त को ग्रामीणों ने थाना घेर लिया था।

वहीं सैन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे थे। सेना के अधिकारियों ने फौजियों को लात मारने वाले वीडियो पर आपत्ति जताई थी, जिसके बाद एसएसपी के आदेश पर आरोपी पुलिस कर्मियों के खिलाफ भी मुकदमा दर्ज किया गया था। फौजियों की गिरफ्तारी के बाद दो पुलिस कर्मियों के खिलाफ भी मुकदमे दर्ज हुए थे।

# पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश, उत्सव सेवा संघ ने ग्रामीणों को बांटे आम के पौधे

अमन लेखनी समाचार

मिथिलेश जायसवाल



मोतीपुर, बहराइच। मिहींपुरवा नगर पंचायत क्षेत्र में एक संस्था द्वारा फलदार पौधों का वितरण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए लोगों को पर्यावरण के संबंध में जागरूक किया है। धरती को हरा-भरा बनाने और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक सराहनीय पहल करते हुए सामाजिक संस्था उत्सव सेवा संघा के संस्थापक स्वामी मैत्रेय के निर्देश पर स्थानीय तहसील क्षेत्र के बोटनपुरवा गांव में ग्रामीणों को 150 फलदार आम के पौधे वितरित किए गए।कार्यक्रम के दौरान मिहींपुरवा के प्रख्यात बोनसाई विशेषज्ञ सोमवर्धन पाण्डेय ने उत्सव सेवा संघा की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि संस्था द्वारा ग्रामीणों में पेड़ लगाने की प्रेरणा देना समय की बड़ी आवश्यकता है। उन्होंने उपस्थित ग्रामीणों को पौधारोपण की सही विधि और देखभाल की जानकारी भी दी। श्री पाण्डेय ने कहा कि फलदार वृक्ष लगाने से न केवल वातावरण स्वच्छ और प्रदूषणमुक्त होगा, बल्कि समाज को ताजगी भरी ऑक्सीजन और स्वादिष्ट फलों का लाभ भी मिलेगा।उन्होंने आगे बताया कि आम के फल बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी के लिए ऊर्जा और आनंद का स्त्रोत होते हैं। इसके सेवन से तन और मन दोनों स्वस्थ रहते हैं तथा आत्मा में खुशी और संतोष की अनुभूति होती है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने आम के पौधे प्राप्त कर संस्था उत्सव सेवा संघा का आभार व्यक्त किया। ग्रामीणों ने यह भी संकल्प लिया कि वे पौधों को सिर्फ रोपित ही नहीं करेंगे, बल्कि उनकी नियमित देखभाल करके उन्हें सुरक्षित रूप से बड़ा करेंगे। गांव में पौध वितरण का यह आयोजन एक सामाजिक उत्सव जैसा माहौल लेकर आया। छोटे-बड़े सभी ग्रामीणों के चेहरों पर खुशी झलक रही थी। ग्रामीणों ने माना कि ऐसे कार्यक्रम न केवल पर्यावरण संतुलन बनाएंगे, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को हरियाली और स्वास्थ्य का अमूल्य तोहफा भी देंगे।

# छात्रा की संदिग्ध हालात में मौत

**परिजनों का आरोप- दुष्कर्म के बाद हत्या, पुलिस, डीजीपी से शिकायत**

अमन लेखनी समाचार



सुलतानपुर, कुड़वार क्षेत्र में एक कॉलेज छात्रा की संदिग्ध मौत का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। छात्रा 30 अगस्त को घर से बाहर गई थी। अगले दिन उसका शव घर से कुछ दूर बाग में लटका मिला। परिजनों का आरोप है कि छात्रा का अपहरण कर दुष्कर्म किया गया और फिर हत्या कर दी गई। आरोपियों ने मौत को आत्महत्या का रूप देने के लिए दुपट्टे से फंदा बनाया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में दुष्कर्म की पुष्टि भी हुई है। शुरू में पुलिस मामले को आत्महत्या बता रही थी। परिजनों के विरोध के बाद एक सितंबर को पुलिस ने दूसरी तहरीर ली। इसमें गांव के दो युवकों को नामजद किया गया। परिजनों का कहना है कि आरोपी एक भाजपा नेता के रिश्तेदार हैं। इसलिए थाने लाने के बाद उन्हें छोड़ दिया गया। घटना के 10 दिन बाद भी कोई ठोस कार्रवाई न होने पर पीड़ित परिवार ने पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव से मुलाकात की। उन्होंने परिवार को न्याय का भरोसा दिलाया। राष्ट्रीय स्वतंत्र पंच पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता ने डीजीपी को पत्र लिखा है। उन्होंने थाना प्रभारी अमित मिश्रा को हटाने और सीबीआई जांच की मांग की है।

# महिलाओं के लिए 10 दिवसीय विशेष जागरुकता अभियान

**कानूनी अधिकार, सरकारी योजनाओं और हेल्पलाइन की दी गई जानकारी**

अमन लेखनी समाचार



अमेठी जिला, महिला कल्याण विभाग द्वारा संकल्प (हब फॉर इम्पावरमेन्ट ऑफ वूमेन) योजना के अंतर्गत जिला महिला थाना गौरीगंज, अमेठी में विशेष जागरुकता अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं को पंपलेट वितरित कर विभाग की योजनाओं की जानकारी दी गई। जेंडर स्पेशलिस्ट राकेश कुमार यादव ने महिलाओं को उनके कानूनी अधिकारों से अवगत कराया। डीएमसी ऋषि ने विभिन्न नीतियों और हेल्पलाइन नंबरों की विस्तृत जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना और स्पॉन्सरशिप योजना की जानकारी दी गई। वन स्टॉप सेंटर मैनेजर ने महिलाओं के लिए सुरक्षा, परामर्श व सहायता केंद्र की जानकारी साझा की। विभागीय कर्मियों ने महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों जैसे 181 (महिला हेल्पलाइन), 1090 (वूमेन पावर लाइन), 1098 (चाइल्ड हेल्पलाइन) और 112 (आपातकालीन सेवा) के बारे में बताया। कार्यक्रम में दहेज प्रथा, बाल विवाह, बाल श्रम और लिंग भेदभाव जैसी सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ जागरुकता फैलाई गई। 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों के साथ होने वाली हिंसा की रोकथाम और शिकायत प्रक्रिया भी समझाई गई। छात्राओं को आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में महिला थाना प्रभारी कंचन सिंह, डीएमसी ऋषि, जेंडर स्पेशलिस्ट राकेश कुमार यादव, अकाउंटेंट जानवी गुप्ता, इंदु कुमारी, पूनम देवी सहित अन्य कर्मचारी और लाभार्थी महिलाएं उपस्थित रहे।

## संक्षेप

### हाउस टैक्स वृद्धि का विरोध

**वेलफेयर एसोसिएशन ने काली पट्टी बांधकर किया प्रदर्शन, पुराना रेट लागू करने की मांग**

गाजियाबाद, कविनगर वेलफेयर एसोसिएशन ने नगर निगम द्वारा बढ़ाए गए हाउस टैक्स के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। कवि नगर रामलीला ग्राउंड पर दर्जनों लोग एकत्र हुए। प्रदर्शनकारियों ने काली पट्टी बांधकर नगर निगम के खिलाफ नारेबाजी की। उन्होंने तख्तियां लेकर बढ़े हुए हाउस टैक्स को वापस लेने की मांग की। एसोसिएशन के पदाधिकारियों का कहना है कि नगर निगम ने बिना विचार किए हाउस टैक्स में वृद्धि की है। इससे आम जनता पर अतिरिक्त बोझ पड़ा है। प्रदर्शनकारियों ने मांग की है कि कोर्ट के आदेश तक या निगम के स्वयं वापस लेने तक टैक्स वृद्धि पर रोक लगे। उन्होंने पुराने रेट पर ही टैक्स वसूली की मांग की। प्रदर्शनकारियों ने नगर निगम पर डबल टैक्स वसूली का आरोप लगाया है। उन्होंने इसमें शामिल कर्मचारियों पर कार्रवाई की मांग की। कैपिटल कॉस्ट के आधार पर जारी नए बिलों में भी संशोधन की मांग की गई। एसोसिएशन ने आरोप लगाया कि बिल सुधार के नाम पर कुछ कर्मचारी और एजेंट अवैध वसूली कर रहे हैं। उन्होंने ऐसे लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की। एसोसिएशन ने चेतावनी दी है कि मांगें न माने जाने पर वे धरने पर बैठेंगे। उन्होंने जोनल कार्यालय प्रभारी को ज्ञापन सौंपकर हाउस टैक्स वृद्धि वापस लेने और टैक्स व्यवस्था को पारदर्शी बनाने की मांग की है।

### 15 शिकायत करने पर भी नहीं सुलझी समस्या

**किसान बोले लगातार तहसील दिवस में अधिकारियों को कराया अवगत, जांच की टीम बनी लेकिन आई नहीं**

मेरठ, लगातार संपूर्ण समाधान दिवस और तहसील दिवस का आयोजन होता है। इसमें दूर दराज के क्षेत्र से प्रार्थी आते है और अपनी समस्याओं से उच्च अधिकारियों को अवगत कराते हुए उनके समाधान की मांग करते है लेकिन फिर भी कुछ लोग ऐसे है जिनका कहना है कि यहां आश्वाशन मिलता है लेकिन धरातल पर कुछ नहीं होता । फफुंडा के रहने वाले किसान कल्याण सिंह ने बताया कि उनके खेत पर जाने वाले एक रास्ते पर कुछ लोगों ने कब्जा कर लिया है। जिस कारण मैं अपने खेत पर नहीं जा पाता हूं। इस समस्या को लेकर मैं लगभग पंद्रह बार तहसील दिवस में आ चुका हुं लेकिन आज तक किसी प्रकार की कोई सुनवाई धरातल स्तर पर नहीं हुई है। किसान ने बताया कि पिछले माह आयोजित हुए तहसील दिवस में अधिकारियों द्वारा एक आठ सदस्यीय टीम बनाई गई थी जिसको मौके पर जाकर शिकायत की जांच करने की जिम्मेदारी मिली थी। इसके बाद भी लगभग बीस दिन बीत जाने के बाद तक भी कोई भी अधिकारी उस जांच को पूरा करने उनके खेत तक नहीं गया । रास्ता न हो पाने के कारण वे अपनी फसल तक नहीं जा पा रहे हैं।

किसान ने बताया कि जिस समय उन्होंने फसल की बुवाई की थी तब उनके पड़ोस में एक किसान का खेत खाली था जिस से होकर वे अपने खेत तक चले जाते थे ।

# प्रयागराज का फाफामऊ पुल बंद, लोगों के लिए आफत

**जाम में फंसे स्कूली बच्चे, मरीज और ऑफिस जाने वाले, घंटों लगी रही लाइन**

अमन लेखनी समाचार

प्रयागराज, फाफामऊ पुल पर आवागमन बाधित होने के बाद सुबह से ही शहरवासियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। पुल पर केवल पैदल और दोपहिया वाहनों को ही आने-जाने की अनुमति दी गई है, जबकि बाकी सभी वाहनों के लिए रास्ता पूरी तरह बंद कर दिया गया है। पुल के दोनों ओर पत्थर लगाकर रास्ता पूरी तरह से ब्लॉक कर दिया गया है, जिससे सिर्फ एक संकरा रास्ता दोपहिया वाहनों के लिए छोड़ा गया है। जिसकी वजह से सुबह से ही दोनों ओर दोपहिया वाहनों की लंबी कतारें




लग गईं और पैदल चलने वालों की भी भीड़ उमड़ पड़ी। सुबह ऑफिस और स्कूल टाइम (6 बजे से 10 बजे तक) सबसे ज्यादा परेशानी देखने को मिली। स्कूली बच्चे, महिलाएं, मरीज और ऑफिस जाने वाले लोग भीषण धूप में घंटों तक खड़े रहने को मजबूर रहे। कई बच्चों को स्कूल पहुंचने में देर हुई, वहीं मरीजों को समय पर अस्पताल पहुंचाने में भी दिक्कत आई।

स्थानीय लोगों ने बताया कि पत्थर रखे जाने की वजह से पुल पर पहले से ही कम जगह और संकरी हो गई है। दोपहिया वाहन निकालने में लोगों को खासी मशक्कत करनी पड़ी। ।स्कूल की छुट्टी के समय भी स्थिति नहीं सुधरी। लौटते वक्त बच्चों और अभिभावकों को भी भारी भीड़ और अव्यवस्था का सामना करना पड़ा।

# अपना दल यस की बैठक में नए पदाधिकारी हुए मनोनीत

अमन लेखनी समाचार

अमौली, फतेहपुर। जनपद के अमौली कस्बे में संचालित अपनादल एस कार्यालय परिसर में विधानसभा अध्यक्ष राजकुमार उमराव के तत्वावधान में बृहद बैठक का आयोजन किया गया मुख्य अतिथि एवं पार्टी के विधायक जयकुमार सिंह जैकी ने पार्टी के संस्थापक स्व डॉ सोनेलाल पटेल की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन करते हुए बैठक का शुभारंभ किया बैठक के दौरान विधानसभा प्रभारी सत्य प्रकाश कुटार ने सर्वसम्मति से सचिव पद पर शिवमोहन अध्यक्ष अनुसूचित मंच चंद्र किशोर कुटार महासचिव शैलेंद्र वर्मा अध्यक्ष अल्पसंख्यक मंच शरफत खान शिक्षक मंच धर्मेंद्र कुमार समेत अन्य पदाधिकारियों को मनोनीत किया इस दौरान लगभग आधा सैकडा. लोगों ने पार्टी की



सदस्यता भी ग्रहण की पार्टी के विधायक श्री जैकी ने मनोनीत किये गए सभी पदाधिकारियों को सम्मानित कर शुभकामनाएं दी तत्पश्चात पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं को संबोधित कर पार्टी के संस्थापक स्व डॉ सोने लाल पटेल के विचारों एवं पार्टी की नीतियों को जन जन पहुंचाने के लिए प्रेरित किया इस दौरान पूर्व प्रधान संघ अध्यक्ष अरविंद सिंह प्रमोद शुक्ला श्रीकांत उत्तम नसीरुद्दीन अरविंद उमराव धर्मेंद्र वर्मा राजू सचान शिवा गुप्ता शुभम ठाकरे पिंटू चक समेत पदाधिकारी एवं कार्यकताओं के साथ ही बड़ी संख्या में क्षेत्रीय ग्रामीण भी मौजूद रहे।

# दिल्ली-एनसीआर में हथियारों का सप्लायर पकड़ा

**32 बोर की 4 पिस्टल, 6 तमंचे और 30 कारतूस बरामद**

अमन लेखनी समाचार

गौतम बुद्ध नगर, दनकौर थाना पुलिस ने अवैध हथियारों की तस्करी के एक मामले का खुलासा किया है। पुलिस ने चेकिंग के दौरान संभल के रहने वाले सुफियान कुरैशी को गिरफ्तार किया है। आरोपी फिलहाल दिल्ली में रह रहा था। पुलिस ने आरोपी के पास से एक थैली में रखी 32 बोर की 4 पिस्टल, 6 तमंचे और 30 कारतूस बरामद किए हैं। सुफियान दिल्ली-एनसीआर



के कुख्यात बदमाशों और उनके गैंग को हथियार सप्लाई करता था। ग्रेटर नोएडा के एडिशनल डीसीपी सुधीर कुमार के अनुसार, पूछताछ में आरोपी ने खुलासा किया कि वह एक पिस्टल पर 10,000 रुपये का मुनाफा कमाता था। तमंचों की बिक्री से उसे 2,000 रुपये प्रति तमंचा का फायदा होता था। पुलिस अब यह पता लगा रही है कि आरोपी हथियार कहां से लाता था और किन-किन गैंग को बेचता था।

# पीएम मोदी के जन्मदिन पर सेवा पखवाड़ा

**बुलंदशहर में कार्यशाला, स्वास्थ्य शिविर से लेकर वृक्षारोपण तक के कार्यक्रम होंगे**

अमन लेखनी समाचार

बुलंदशहर, भाजपा जिला कार्यालय गंगानगर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर आयोजित होने वाले सेवा पखवाड़ा को लेकर जिला कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में जिलेभर से पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष और कार्यकर्ता शामिल हुए। भाजपा प्रदेश मंत्री एवं जिला प्रभारी बसंत त्यागी ने मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का जीवन समाजसेवा और राष्ट्र निर्माण को समर्पित है। त्यागी ने कार्यकताओं से सेवा पखवाड़े के दौरान जरूरतमंदों तक सेवा पहुंचाने का आग्रह किया। जिला अध्यक्ष विकास चौहान की अध्यक्षता में हुई कार्यशाला में सेवा पखवाड़े के कार्यक्रमों की रूपरेखा प्रस्तुत की गई। इसमें स्वास्थ्य शिविर, रक्तदान शिविर, स्वच्छता अभियान, वृक्षारोपण



कार्यक्रम और विकसित भारत चित्रकला प्रतियोगिता शामिल हैं। इसके अलावा प्रबुद्धजन कार्यक्रम, पंडित दीनदयाल उपाध्याय जयंती, स्वदेशी मेला प्रदर्शनी और दिव्यांगजन सम्मान समारोह भी आयोजित किए जाएंगे। गांधी जयंती पर विशेष कार्यक्रम होंगे। नमो वन और नमो पार्क के साथ केंद्र सरकार की योजनाओं का प्रचार-प्रसार भी किया जाएगा। कार्यकताओं ने सेवा पखवाड़े को जनआंदोलन के रूप में मनाने का संकल्प लिया। कार्यशाला का संचालन जिला महामंत्री संतोष वाल्मीकि ने किया।

# जिंदा दिव्यांग को कागजों में मृत दिखाकर रोकी पेंशन

**बागपत के बुजुर्ग ने डीएम से लगाई गुहार, 8 महीने से नहीं मिल रही पेंशन**

अमन लेखनी समाचार

बागपत, बड़ौत तहसील के ट्योढ़ी गांव के एक दिव्यांग व्यक्ति को सरकारी कागजों में मृत दिखाकर उनकी पेंशन रोक दी गई है। प्रकाश सिंह नाम के इस दिव्यांग व्यक्ति को पिछले 8 महीने से 1000 रुपये की मासिक पेंशन नहीं मिल रही है। प्रकाश सिंह ने डीएम अस्मिता लाल से मिलकर न्याय की गुहार लगाई। उन्होंने डीएम से कहा, मैडम, मैं अभी जिंदा हूं, मरा नहीं हूं। प्रकाश ने बताया कि तबीयत खराब होने के कारण वह कुछ समय तक पेंशन लेने नहीं जा पाए। जब वह पेंशन लेने पहुंचे, तो अधिकारियों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। प्रकाश की आर्थिक स्थिति बेहद खराब है। उनकी पेंशन बहाल करने के लिए वह कलेक्ट्रेट पहुंचे। डीएम ने मामले की जांच कराकर कार्रवाई का आश्वासन दिया है। यह पहला मामला नहीं है जब बागपत में किसी जीवित व्यक्ति को सरकारी कागजों में मृत दिखाया गया हो।



# पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़

- एक बदमाश के पैर में गोली लगी, दूसरा कॉम्बिंग में पकड़ा गया

अमन लेखनी समाचार

गौतम बुद्ध नगर, थाना बीटा-2 पुलिस ने चोरी और स्नैचिंग करने वाले दो बदमाशों को पकड़ा है। पीपल वाला चौराहे पर चेकिंग के दौरान पुलिस ने दो संदिग्धों को मोटरसाइकिल पर देखा। रुकने का इशारा करने पर वे ढकिया बाबा गोलचक्कर की तरफ भागने लगे। पुलिस ने जब उनका पीछा किया तो बदमाशों ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में एक बदमाश को गोली लग गई। घायल बदमाश की पहचान विशाल उर्फ मोनू महतो के रूप में हुई। वह बिहार के लखीसराय का रहने वाला है और फिलहाल स्वर्णनगरी, थाना बीटा-2 में रह रहा था। दूसरे बदमाश को कॉम्बिंग के दौरान गिरफ्तार किया गया। उसकी



पहचान तनिष्क के रूप में हुई। वह बागपत के खेकड़ा का रहने वाला है और वर्तमान में ग्राम ऐच्छर, थाना बीटा-2 में रह रहा था। दोनों बदमाशों से दो तमंचे, कारतूस, चोरी किए हुए दो मोबाइल फोन और फर्जी नंबर प्लेट वाली एक चोरी की मोटरसाइकिल बरामद की गई है। घायल बदमाश को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है। पुलिस आगे की कानूनी कार्रवाई कर रही है।

# लोनी में जमीन माफियाओं पर विधायक सख्त

**पुलिस कमिश्नर को पत्र लिखकर कार्रवाई की मांग, एजेंटों द्वारा गरीबों को ठगने का आरोप**

अमन लेखनी समाचार

गाजियाबाद, लोनी क्षेत्र में लगातार बढ़ रहे जमीन कब्जाने और खरीद-फरोख्त में ठगी के मामलों पर लोनी विधायक नन्दकिशोर गुर्जर ने कड़ा रुख अपनाया है।

विधायक ने ट्रॉनिका सिटी थाना प्रभारी को सख़्त पत्र लिखते हुए भू-माफियाओं के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने यहां तक कहा कि दोषियों का एनकाउंटर किया जाए ताकि क्षेत्र में कानून-व्यवस्था कायम रह सके। विधायक ने पुलिस आयुक्त को भी पत्र की प्रतिलिपि भेजते हुए कहा कि विशेष टीम गठित कर भू-माफियाओं के नेटवर्क को तोड़ा जाए। उन्होंने आरोप लगाया कि सोशल मीडिया और एजेंटों के माध्यम से भोले-भाले लोगों को दिल्ली-एनसीआर से लेकर लोनी तक जमीन दिलाने के नाम



पर ठगा जा रहा है। सबसे ज्यादा शिकार गरीब हिंदू परिवार बनते हैं। गुर्जर ने यह भी कहा कि भू-माफियाओं और पुलिस की मिलीभगत संदिग्ध है। कई शिकायतें जनता दरबार में सामने आई हैं, जिनमें एसीपी ऑफिस के कुछ कर्मचारियों की भूमिका पर भी सवाल उठे हैं। उन्होंने कहा कि शिकायतकताओं की बात को गंभीरता से न लेना इस मिलीभगत की पुष्टि करता है। विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने मांग की है कि दोषियों पर भू-माफिया एक्ट के तहत तुरंत कार्रवाई की जाए,

गिरफ्तारी हो और ठगी के पूरे नेटवर्क को तोड़ा जाए। उन्होंने पुलिस को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि क्षेत्र में किसी भी गरीब या आमजन के साथ अन्याय बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। लोनी विधायक का यह सख़्त रुख एक बार फिर चर्चा का विषय बन गया है। अब देखना होगा कि पुलिस प्रशासन इस गंभीर मामले में कितनी तेजी से कार्रवाई करता है।

# कूड़ा कलेक्शन कंपनी पर पांच लाख का जुर्माना

**जेई का रोका वेतन, एपीई से मांगा स्पष्टीकरण, आईटीएमएस से देखी लोकेशन**

अमन लेखनी समाचार



नोएडा, डोर टू डोर कूड़ा उठाने का काम एजी एनवारो इंफ्रा प्रोजेक्ट लिमिटेड करती है। इसकी निगरानी सेक्टर-94 में आईटीएमएस कमांड कंट्रोल से होती है। प्राधिकरण के एसीईओ संजय खत्री ने अन्य अधिकारियों के साथ यहां निरीक्षण किया और आईटीएमएस से लोकेशन देखी। पाया कि डोर टू डोर गाड़ियां कई एरिया में नहीं जा रहा है। कंपनी पर पांच लाख रुपए का जुमार्ना लगाया गया। इसके बाद वो सेक्टर-94 व 126 गए। वहां केबिल एजेंसियों ने खोदाई कर मरम्मत नहीं की। कंपनियों को नोटिस जारी किया गया। सेक्टर-126 एचसीएल के पास वेंडिंग जोन में वेंडर्स ने डस्टबिन नहीं रखे थे। निर्देश दिया कि वेंडर्स को तीन दिन में हरा, नीला डस्टबिन रखना होगा। साथ ही जन स्वास्थ्य परियोजना अभियंता को निर्देश दिया कि वे ये सुनिश्चित करे। यहां डस्टबीन लग जाए जिसकी रिपोर्ट बैठक में दी जाए। सेक्टर-127 में अवैध वेंडर्स लगे मिले। अवर अभियंता को वेतन रोकते हुए स्पष्टीकरण मांगा गया है। बख्तावरपुर के पास 45 मीटर रोड व जेपी के सामने घांस और झांडियां है। जिसे अगले सात दिनों में विशेष सफाई अभियान चलाकर साफ करने के निर्देश दिए गए। सेक्टर-135 में गोशाला का निरीक्षण किया। यहां जल भराव वाले स्थानों पर एंटी लार्वा और फॉगिंग कराने के निर्देश दिए गए।

# मामूली विवाद ने लिया खूनी रूप

**चाकूबाजी में एक की मौत, दूसरा घायल; परिजनों ने पुलिस पर लगाया मारपीट का आरोप**

अमन लेखनी समाचार

गौतम बुद्ध नगर, सूरजपुर में मामूली विवाद ने खूनी संघर्ष का रूप ले लिया। ब्रह्माई मंदिर के पास किराए के मकान में रहने वाले बुलंदशहर के शिकारपुर कोतवाली निवासी कमल सिंह और उसके भाई नेता सिंह का स्थानीय निवासी राजकुमार से विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ा कि दोनों पक्षों में चाकूबाजी होने लगी। इस दौरान राजकुमार चाकू लगने से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने राजकुमार को शारदा अस्पताल में भर्ती कराया। मारपीट में नेता सिंह भी घायल हुए। उन्हें भी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक नेता सिंह के परिजनों ने पुलिस पर मारपीट का आरोप लगाया। उनका कहना है कि पुलिस की पिटाई से ही मौत हुई है। हालांकि, सेंट्रल नोएडा



के डीसीपी शक्ति मोहन अवस्थी ने इन आरोपों को निराधार बताया है। पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामले में दोनों पक्षों की तरफ से मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने कई लोगों को हिरासत में ले लिया है। जांच जारी है। उन्होंने बताया कि गौरव की शिकायत पर कमल सिंह मृतक नेता और कुछ अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। वहीं दूसरे पक्ष के राजकुमार, प्रेमपाल, गौरव, वकील और कुछ अज्ञात लोगों के खिलाफ भी मुकदमा दर्ज किया गया है।

# दिव्यांग आकांक्षा को मिली नई उम्मीद

- डीएम की पहल से ट्राइसाइकिल मांगने आई युवती को मिली नौकरी

अमन लेखनी समाचार

बागपत, गांव मुकारी की 28 वर्षीय आकांक्षा शर्मा को जीवन में नई दिशा मिली है। दो साल पहले एक सड़क हादसे में उन्होंने अपने पिता को खो दिया था। इस हादसे में वह खुद भी दिव्यांग हो गईं और बैंक की नौकरी भी चली गई। इस दौरान उनकी मां उर्मिला शर्मा ही उनका एकमात्र सहारा बनीं। हादसे के समय आकांक्षा की हालत बेहद नाजुक थी। डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया था। वेंटिलेटर पर रहने के बावजूद उन्होंने हिम्मत नहीं हारी। समाज के ताने और रोजमर्रा की कठिनाइयों के बीच भी उनका हौसला कायम रहा। एक दिव्यांग उपकरण वितरण कार्यक्रम में आकांक्षा ने ट्राइसाइकिल के लिए आवेदन किया। वहां जिलाधिकारी अस्मिता लाल से उनकी मुलाकात हुई। डीएम ने उनका मार्गदर्शन किया और रोजगार के लिए सीवी जमा करने को कहा। जिलाधिकारी के प्रयास से आकांक्षा का प्रोफाइल स्थानीय उद्योगों में भेजा गया। सिसाना स्थित आकृति ज्वेलक्राफ्टज उद्योग से सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली। इंटरव्यू में उनका आत्मविश्वास और पूर्व का अनुभव काम आया। आकांक्षा को नियुक्ति पत्र मिल गया। आकांक्षा ने कहा कि वह ट्राइसाइकिल लेने आई थीं, लेकिन डीएम ने उन्हें रोजगार भी




दिला दिया। अब वह जीवन में आगे बढ़ने के लिए तैयार हैं। यह कहानी अन्य दिव्यांग व्यक्तियों के लिए प्रेरणा है जो रोजमर्रा की कठिनाइयों का सामना कर रहे हैं।

# 'मिशन शक्ति' के अंतर्गत महिला सुरक्षा हेतु विशेष जन-जागरूकता अभियान

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा के निर्देशन में 'मिशन शक्ति फेज-5.0' के तहत सोनभद्र पुलिस द्वारा महिला सुरक्षा, सम्मान और आत्मनिर्भरता को सुदृढ़ करने हेतु जनपद में एक विशेष जन-जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान के अंतर्गत जिले के सभी थाना क्षेत्रों में मिशन शक्ति टीमों एवं एंटी रोमियो स्क्वॉड द्वारा बाजारों, शिक्षण संस्थानों, चौराहों एवं अन्य भीड़भाड़ वाले स्थलों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए।

## प्रमुख गतिविधियाँ:-

महिलाओं व बालिकाओं को विभिन्न सरकारी कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई, जैसे:-

मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना
निराश्रित महिला पेंशन योजना
बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ
उज्ज्वला योजना
आयुष्मान भारत योजना

महिला सुरक्षा से जुड़े हेल्पलाइन नंबरों का व्यापक प्रचार-प्रसार किया गया, जिनमें शामिल हैं:-

1090-महिला हेल्पलाइन
112-आपातकालीन सेवा
102-स्वास्थ्य सेवा
108-एम्बुलेंस
1930-साइबर हेल्पलाइन

महिला पुलिसकर्मियों द्वारा आयोजित 'महिला संवाद कार्यक्रमों' के माध्यम से महिलाओं और किशोरियों को पुलिस से निर्भीक होकर संपर्क करने हेतु प्रेरित किया गया। संवाद में यह आश्वासन भी दिया गया कि संकट की किसी भी घड़ी में पुलिस सदैव उनके साथ खड़ी है।

# खेत जुताई करते समय अनियंत्रित होकर ट्रैक्टर पलटा, चालक की मौके पर मौत



अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। से एक दर्दनाक हादसे की खबर सामने आई है। खेत में जुताई करते समय ट्रैक्टर की चपेट में आने से एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। अचानक हुई इस घटना से पूरे गांव में कोहराम मच गया। पत्नी और दो मासूम बच्चों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। सोनभद्र के जुगैल थाना अंतर्गत चौरा गांव में खेत ने खुशियों के बजाय मातम का मंजर दिखा दिया। 35 वर्षीय तेज नारायण केवट ट्रैक्टर से खेत की जुताई कर रहे थे तभी वह उसकी चपेट में आ गए। ट्रैक्टर चला रहे तेज नारायण ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। अचानक हुई इस मौत से गांव में हड़कंप मच गया। और गांववाले घटना स्थल पर जुट गए, तो वहीं घरवालों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। पत्नी और दो छोटे बच्चों के सिर से सहारा छिन गया। सूचना मिलते ही जुगैल पुलिस मौके पर पहुंची, शव को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी गई। गांव में इस दर्दनाक हादसे के बाद मातम पसरा है।

# इलाहाबादी होटल में मिडिया हब पत्रकार काउंसिल की बैठक हुई संपन्न

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र ओबरा। मंगलवार को मिडिया हब काउंसिल की बैठक टलउ के जिला अध्यक्ष कैलाश बिहारी के नेतृत्व में ओबरा के इलाहाबादी होटल में बुलाई गई सर्वप्रथम जिला अध्यक्ष के हाथों से आए हुए सभी पदाधिकारी व सदस्यों को हब काउंसिल आइडेन्टिटी कार्ड सभी को गले में पहना कर सम्मानित किया गया तत्पश्चात काउंसिल को जिला सोनभद्र में और शसक्त बनाने पर गहन चर्चा किया गया और सभी ने अपने अपने विचार भी प्रकट किया बिकाश कुमार ने अपने सुझाव रखते हुऐ कहा कि हम लोग मिलकर अगर क्षेत्रीय पत्रकारों के साथ एक मिटिग रखकर ज्यादा से ज्यादा पत्रकार बंधुओं को संस्था के नितियों के बारे में जानकारी देकर संस्था में जोड़कर संस्था को मजबूत किया जा सकता है इसी कड़ी में लाल बहादुर सिंह ने अपनी बात को रखते हुए कहा कि मिडिया हब काउंसिल सदैव पत्रकार हित व पत्रकार सुरक्षा कि बात करेगा और बाकी लोगों ने समर्थन किया जिला अध्यक्ष कैलाश बिहारी द्वारा सभी कार्यकताओं के बातो का सम्मान करते हुए यह निर्णय लिया कि आगामी 9 नवंबर को क्षेत्र के सम्मानित पत्रकारों के साथ एक विस्तृत मीटिंग एवं संस्था के प्रचार प्रसार एवं संस्था में ज्यादा से ज्यादा सदस्य को जोड़ने की बात कही संस्था के कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए रणनीति बनाते हुए संस्था के सभी सदस्य ने अपने-अपने मत एवं विचारों को व्यक्त किया जिससे कि संस्था को मजबूती और बल प्रदान किया जा सके संस्था पत्रकारों के लिए है पत्रकारों के हित के लिए काम करती है संस्था में किसी प्रकार की राजनीति गठजोड़ नहीं है संस्था में जुड़े सभी पत्रकार साथियों का निशुल्क दुर्घटना बीमा भी संस्था के द्वारा किया जाता है संस्था हर साल विभिन्न क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले को सम्मानित वरिष्ठ पुरुष महिलाओं का भी समय-समय पर सम्मान इस संस्था के माध्यम से किया जाता है राष्ट्रीय अध्यक्ष इसरार खान द्वारा बताए गए एवं दिए गए दिशा निर्देश के अनुसार कार्यक्रम को आगे बढ़ाना जिसकी रूपरेखा तैयार की जा रही है सभी ने एकमत होकर इस मीटिंग को संपन्न करते हुए आगे की रणनीति बनाने का निर्णय लिया जिसमें लाल बहादुर सिंह, विकास कुमार, मुकेश कुमार, रोहित द्विवेदी राजू जायसवाल इत्यादि लोग शामिल रहे।

खास समाचार

# विधायक खेल स्पर्धा का आयोजन 21 सितंबर से 31 अक्टूबर तक

अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल विभाग, जनपद सोनभद्र ने अवगत कराया है की वित्तीय वर्ष : 2025-26 में जनपद के समस्त विधान सभा क्षेत्रों में ' विधायक खेल स्पर्धा' 08 खेल विधाओं यथा : एथलेटिक्स, कबड्डी, कुश्ती, वॉलीबॉल, फुटबॉल, भारोत्तोलन, जूडो एवं बैडमिण्टन में विधान सभा क्षेत्र में खिलाड़ियों की उपलब्धता के अनुसार सब जूनियर, जूनियर एवं सीनियर आयुवर्ग में महिला/बालिका एवं पुरूष/बालक श्रेणी में आयोजित किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि प्रत्येक विधान सभा क्षेत्र में विधान सभा स्तर पर ' विधायक खेल स्पर्धा' का आयोजन महानिदेशक, प्रान्तीय रक्षक दल/विकास दल एवं युवा कल्याण, उ०प्र० लखनऊ द्वारा जारी कैलेण्डर के अनुसार दिनांक 21 सितम्बर, 2025 से 31 अक्टूबर, 2025 तक की अवधि के मध्य सम्पन्न कराया जाना प्रस्तावित है। विधायक खेल स्पर्धा में प्रतिभाग करने हेतु विधान सभावार खिलाड़ियों का पंजीकरण 'युवा साथी पोर्टल (http://www.yuvasathi.in)" पर दिए गए विकल्प 'खेल स्पर्धा पंजीयन' के अन्तर्गत 'विधायक खेल स्पर्धा में भाग लेने हेतु पंजीयन करें' लिंक में वांछित विवरण एवं अभिलेख अपलोड कर पंजीकृत होना अनिवार्य है। जनपद : सोनभद्र के समस्त खिलाड़ियों से अपेक्षा है कि युवा साथी पोर्टल (http://www.yuvasathi.in)" पर दिए गए विकल्प 'खेल स्पर्धा पंजीयन' के अन्तर्गत ' विधायक खेल स्पर्धा में भाग लेने हेतु पंजीयन करें' लिंक का प्रयोग कर विधान सभावार अपनी खेल विधा में तत्काल पंजीकरण करें। अन्यथा ससमय पंजीकरण के अभाव में कोई भी खिलाड़ी विधायक खेल स्पर्धा में प्रतिभाग करने से वंचित रह सकता है।

# अपर जिलाधिकारी ने नगर पंचायत ओबरा का किया औचक निरीक्षण

### नगर पंचायत क्षेत्र में साफ-सफाई व्यवस्था बेहतर करने के दिये निर्देश

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र। अपर जिलाधिकारी वित्त्व/राजस्व वागीश कुमार शुक्ला द्वारा नगर पंचायत ओबरा में कराये जा रहे निर्माण कार्यों का आकस्मिक निरीक्षण किया गया निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी ने साफ सफाई व्यवस्था को नगर पंचायत की कालोनी में देखा गया डस्टबिन भरी हुई थी। डस्ट बिन के आस-पास कूड़ा बिखरा हुआ है। कुछ स्थानों पर कूड़ा पड़ा हुआ था। उक्त से स्पष्ट हो रहा है कि नगर पंचायत ओबरा में नियमित सफाई नहीं हो रही है जिसपर अपर जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत को साफ-सफाई व्यवस्था बेहतर करने के निर्देश दिये, निरीक्षण के क्रम में पार्क के निरीक्षण में पाया गया कि पार्क में कार्पेट ग्रास, सौर उर्जा प्लाण्ट स्थापित नहीं हैं पाथ वे का निर्माण ठीक है पार्क में एक पाण्ड्स बना हुआ है जिसमें पानी टिक नहीं रहा है निर्देशित किया गया कि इसे ठीक कराया जाय एवं पार्क में कार्पेट ग्रास एवं सौर उर्जा की स्थापना का कार्य भी कराया जाय जिससे पार्क की सुन्दरता में वृद्धि हो। एम०आर०एफ० सेन्टर नगर पंचायत में एम०आर०एफ० सेन्टर का संचालन ठेके पर कराया जा रहा है कूड़ा के कलेक्शन का कार्य नगर पंचायत द्वारा कराया जाता है कूड़े के सेग्रीगेशन का कार्य पूर्ण रूप से नहीं हो रहा है निर्देशित किया गया कि कूड़े का डोर-टू-डोर सेग्रीगेशन एवं संग्रहण का कार्य कराने हेतु आई०ई०सी० किया-कलाप द्वारा नागरिकों को जागरुक किया जाय। कल्याण मण्डप नगर पंचायत में कल्याण मण्डप के निर्माण का कार्य सी०एण्डडी०एस० द्वारा कराया जा रहा है। निर्माण की प्रगति काफी धीमी है माह नवम्बर से वैवाहिक कार्य प्रारम्भ हो जायेंगें निर्माण कार्य में तेजी लायी जाये। कैम्पस में इण्टर लाकिंग का भी कार्य कराया जाय कार्यालय भवन नगर पंचायत के कार्यालय भवन के निर्माण का कार्य सी०एण्डडी०एस० द्वारा कराया जा रहा है। इसके भी निर्माण की प्रगति धीमी है अधिशासी अधिकारी को निर्देशित किया गया कि निर्माण कार्य का सततनिरीक्षण करते हुए कार्य में तेजी लाने का प्रयत्न करें। नगर पंचायत में निमार्णाधीन शारदा मंदिर चौराहा एवं महाविद्यालय चौराहे का भी निरीक्षण किया गया। चौराहे में लाइट की गुणवत्ता पर ध्यान देने एवं रोड के डिवाइडर पर सुगन्धित पुष्प के पौधे तथा रोड के किनारे अनार्मेन्टल वृक्ष लगाने के निर्देश दिये गये इस दौरान उप जिलाधिकारी ओबरा विवेक कुमार सिंह सहित अन्य सम्बन्धितगण उपस्थित रहें।

# पुलिस की पिटाई से भाजपा कार्यकर्ता की मौत

### गाजीपुर में थाने में लाइट बंद कराकर बरसाई लाठियां; 6 सस्पेंड, 5 लाइन हाजिर

अमन लेखनी समाचार

गाजीपुर में पुलिस ने थाने की लाइट बंद करवाकर बीजेपी कार्यकताओं को जमकर पीटा। कार्यकर्ता अपनी मांगों को लेकर थाने गए थे। सुनवाई न होने पर वहीं पर धरने पर बैठ गए। इसी दौरान अचानक लाइट चली गई। पुलिस ने बीजेपी कार्यकताओं पर लाठीचार्ज कर दी। उन्हें दौड़ा-दौड़ाकर जमकर पीटा। पिटाई में घायल बीजेपी कार्यकर्ता सियाराम उपाध्याय की गुरुवार को मौत हो गई। वह दिव्यांग थे। लाठीचार्ज के दौरान वह भाग नहीं पाए और गिर पड़े। परिजनों का आरोप है पुलिस ने उन्हें बेरहमी से पीटा था। पूरा शरीर काला पड़ गया था। उन्होंने दोषी पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई की मांग की। भाजपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश राय ने घटना के बाद सियाराम को अपना कार्यकर्ता मानने से इनकार कर दिया। इसके बाद उनका जमकर विरोध हुआ। गुरुवार को वह सियाराम के घर पहुंचे। स्वीकार किया कि सियाराम भाजपा कार्यकर्ता थे, तब जाकर लोगों का गुस्सा शांत हुआ। वहीं, रढ डा. ईरज राजा ने कहा, परिजनों की मांग पर मजिस्ट्रियल जांच कराई जाएगी। साथ ही पोस्टमॉर्टम के लिए शव भेजा गया है। उन्होंने कहा, मामले में थाने के कुल 11 पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई की गई है। जिनमें थाना इंचार्ज समेत 6 पुलिसकर्मी निलंबित, जबकि 5 पुलिसकर्मी लाइन हाजिर किए गए हैं। थाने के अंदर भाजपा कार्यकताओं की पिटाई का वीडियो सामने आया है। मामला 9 सितंबर की रात का है। इलाहाबाद हाईकोर्ट के वकील डॉ. गजेंद्र सिंह यादव ने भाजपा कार्यकर्ता की मौत का मामला राज्य मानवाधिकार आयोग में दर्ज कराया है। फुटेज 9 सितंबर की रात का है। सियाराम उपाध्याय अपने साथियों के साथ थाने में धरने पर बैठे थे। पुलिस ने थाने में पीटना शुरू किया तो धरने पर बैठे लोग भागे। ये लाठीचार्ज का फुटेज है। प्रधान और पूर्व प्रधान पक्ष के बीच विवाद हुआ था थाना नोनहरा क्षेत्र के गांव रुकन्दीपुर में 9 सितंबर को बिजली का खंभा लगाने को लेकर प्रधान और पूर्व प्रधान पक्ष के बीच विवाद हुआ। शाम को एक पक्ष के 20-25 लोग थाने पहुंचकर धरने पर बैठ गए। पुलिस ने लोगों को समझाया मामला दूसरे विभाग से जुड़ा है। पुलिस ने संबंधित विभाग से संपर्क भी किया, लेकिन लोग नहीं माने। रात में अचानक बिजली चली गई। सियाराम भाग नहीं पाए और जमीन पर गिर पड़े आरोप है कि पुलिस वालों ने लाइट काटी थी। इसी दौरान पुलिस ने बीजेपी कार्यकताओं पर लाठीचार्ज कर दिया। इससे वहां अफरा-तफरी मच गई। गांव वालों के अनुसार, गांव रुकंदीपुर निवासी बीजेपी कार्यकर्ता सियाराम भाग नहीं पाए और जमीन पर गिर पड़े। सपा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य राजकुमार पांडेय भी सियाराम के घर पहुंचे। परिवार को न्याय का भरोसा दिया। ब्राह्मण समाज से एकजुट होने की बात कही। सपा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य राजकुमार पांडेय भी सियाराम के घर पहुंचे। परिवार को न्याय का भरोसा दिया। ब्राह्मण समाज से एकजुट होने की बात कही। पीठ, पैर और अन्य जगह चोट के गंभीर निशान थे आरोप है कि पुलिस ने उनकी बेरहमी से पिटाई कर दी। जिसमें वह बुरी तरह घायल हो गए। उनकी पीठ, पैर और अन्य जगह चोट के गंभीर निशान थे। पूरा शरीर काला पड़ गया था।

# पुलिस अधीक्षक चित्रकूट द्वारा थाना मानिकपुर का आकस्मिक निरीक्षण किया गया



अमन लेखनी समाचार

चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक चित्रकूट अरुण कुमार सिंह द्वारा क्षेत्राधिकारी मऊ फहद अली की उपस्थिति में थाना मानिकपुर का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान थाना परिसर, महिला हेल्पडेस्क, थाना कार्यालय, मालखाना व हवालात का निरीक्षण कर थानाध्यक्ष राजापुर को रजिस्टरों को अध्यावधिक करने, जनसुनवाई में त्वरित कार्यवाही, विवेचना, वारण्टी/वांछित आदि की गिरफ्तारी एवं साफ सफाई, बिजली, पानी, शौचालय आदि को ठीक कराने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक मानिकपुर श्रीप्रकाश यादव, पीआरओ प्रवीण कुमार सिह एवं अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# पूर्व मध्य रेलवे के महाप्रबंधक के चोपन आगमन पर ईसीआरकेयू ने किया स्वागत

### रेल कर्मचारियों की आवासीय समस्याओं पर सौंपा ज्ञापन

अमन लेखनी समाचार



चोपन। दिनांक 11 सितम्बर ईसीआरकेयू चोपन वन शाखा के सचिव उमेश कुमार सिंह के नेतृत्व में गुरुवार को पूर्व मध्य रेलवे के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह के चोपन आगमन पर उनका भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर संगठन की ओर से रेलकर्मियों की आवासीय समस्याओं के समाधान हेतु महाप्रबंधक को एक विस्तृत ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में रेलवे कॉलोनी की छतों से पानी टपकने, क्षतिग्रस्त खिड़की-दरवाजे, जर्जर सड़कें तथा सुविधा युक्त सामुदायिक भवन निर्माण जैसी समस्याओं का उल्लेख किया गया। महाप्रबंधक ने सभी बिंदुओं को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित मंडलीय एवं स्थानीय अधिकारियों को त्वरित कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए और जल्द समाधान का आश्वासन दिया। इस अवसर पर सचिव उमेश कुमार सिंह ने कहा कि ह्लईसीआरकेयू सदैव रेलकर्मियों की बुनियादी सुविधाओं और हितों के लिए संघर्षरत रहा है और भविष्य में भी इसी तरह प्रयासरत रहेगा।ह्व कार्यक्रम के दौरान इंद्रभूषण श्रीवास्तव, धीरेन्द्र कुमार, मनोज कुमार, क्रांति कुमार, एम.के. सिंह, सूरज, गुप्ता जी, सुजीत सहित संगठन के अनेक सक्रिय पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित रहे।

# तबादला आदेश ठंडे बस्ते में : बड़े किसानों की खेती अटकी, छोटे किसानों की चांदी

### आदेश की अवहेलना पर किसानों का गुस्सा, विभाग की छवि दांव पर

अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। उप कृषि निदेशक कार्यालय द्वारा जारी तबादला आदेश के बावजूद तीन प्राविधिक सहायक (ग्रुप-सी) कर्मचारी अब तक अपने नए कार्यस्थल पर नहीं पहुँचे हैं। आदेशों की इस खुलेआम अवहेलना ने किसानों में भारी आक्रोश पैदा कर दिया है और विभाग की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

## बड़े किसान बेहाल, छोटे किसानों की मौज

भाजपा किसान मोर्चा के जिला मीडिया प्रभारी ई. प्रकाश पाण्डेय ने बताया कि जनपद के बड़े किसान खाद के लिए परेशान हैं, जबकि छोटे किसान बार-बार लाइन लगाकर एक-एक बोरी खाद प्राप्त कर रहे हैं और उसे ब्लैक में बेचकर फायदा कमा रहे हैं। 'बड़े किसानों की जरूरत पूरी नहीं हो पा रही, वहीं छोटे किसान इस गड़बड़ी से मुनाफा कमा रहे हैं। इससे किसानों में गुस्सा और सरकार की छवि खराब हो रही है।'

## खाद वितरण में धांधली और ब्लैक मार्केटिंग

किसानों का कहना है कि अधिकांश सहकारी समितियों में स्थिति बेहद खराब है। बड़े किसानों को पर्याप्त खाद नहीं मिल पा रही। छोटे किसान बार-बार लाइन लगाकर खाद उठाकर काला बाजार में बेच रहे हैं। वास्तविक जरूरतमंद किसान वंचित रह जा रहे हैं।

## गोदाम इंचार्ज पर गंभीर आरोप

करमा ब्लॉक के गोदाम इंचार्ज रामेश्वर सिंह पर पहले से ही शिकायतें रही हैं। आरोप है कि वे सरकार द्वारा प्रदर्शनी हेतु दिए गए बीज भी मनमाने ढंग से पैसों के बदले बेच देते हैं। कृषि सहायक सुरेंद्र जी और उच्च अधिकारियों को कई बार जानकारी देने के बावजूद अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

## सख्त कार्रवाई की मांग

किसान संगठनों का कहना है कि तबादला आदेश की अवहेलना करने वाले कर्मचारी अपने 'मलाईदार पद' छोड़ना नहीं चाहते। उनकी मनमानी और लापरवाही से सरकारी योजनाएँ प्रभावित हो रही हैं। किसान संगठनों ने मांग की है कि इन कर्मचारियों पर कड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई और उच्च स्तरीय जांच हो, ताकि किसानों की समस्याओं का समाधान हो सके और विभाग की साख बहाल हो।

# उत्तर प्रदेश विधान परिषद के वाराणसी खण्ड स्नातक शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के मतदेय स्थलों के सम्बन्ध में राजनैतिक दलो के प्रतिनिधियों के साथ जिलाधिकारी ने की बैठक

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र। जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह के अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभागार में उत्तर प्रदेश विधान परिषद के वाराणसी खण्ड स्नातक शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के मतदेय स्थलों के सम्बन्ध में राजनैतिक दलो के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की गयी बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने उपस्थित राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि मतदेय स्थलों के सम्बन्ध में भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देश क्रम में कार्यवाही की जा रही हैं। इस दौरान खण्ड स्नातक शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत जनपद सोनभद्र के प्रस्तावित मतदान स्थलों की सूची सभी राजनौतिक दलों को उपलब्ध कराया गया और यह भी कहा गया कि सभी मतदेय स्थलों का भौतिक सत्यापन उप जिलाधिकारी के माध्यम से किया जा रहा है उन्होने कहा कि उत्तर प्रदेश विधान परिषद के वाराणसी खण्ड स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों से निर्वाचित सदस्यों का कार्यकाल 07 दिसम्बर, 2026 तक का है विधिक प्राविधान के अनुसार निर्वाचक नामावलि निर्वाचन वर्ष के पूर्ववतर्ती में तैयार की जाती है बैठक के दौरान राजनैतिक दलों से यह भी अनुरोध किया गया कि प्रस्तावित मतदान केन्द्रो/मतदेय स्थलों में कोई सुझाव आपत्ति हो तो तीन दिवस के अन्दर जिला निर्वाचन कार्यलय सोनभद्र को उपलब्ध करा दें। बैठक में उपस्थित अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 वागीश कुमार शुक्ला, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी जगरूप पटेल, अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार सिंह, अनिल प्रधान समाजवादी पार्टी, सुनिल सिंह भाजपा, रमेश गौतम आप, अंशु तिवारी अपना दल एस, प्रेमनाथ सी0पी0आई0एम0, बलवंत रंगीला बसपा, आशीष कुमार सिंह अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी .सहित अन्य सम्बन्धितगण उपस्थित रहें।

# संकल्प नशा मुक्ति केंद्र चोपन की सेवाओं से प्रभावित हुए जनप्रतिनिधि




अमन लेखनी समाचार

चोपन, सोनभद्र। आज दिनांक 11 सितंबर 2025 को संकल्प नशा मुक्ति एवं स्वास्थ्य सेवा केंद्र, चोपन में जुगैल जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि संजीव त्रिपाठी एवं भारतीय जनता पार्टी मंडल अध्यक्ष चोपन भगवान दास केसरी ने दौरा किया। दौरे के दौरान दोनों जनप्रतिनिधियों ने नशे से पीड़ित मरीजों के उपचार, पुनर्वास और संस्थान की सेवाओं की जानकारी प्राप्त की तथा मरीजों का कुशलक्षेम जाना। संकल्प केंद्र की कार्यप्रणाली और सेवाओं से प्रभावित होकर श्री त्रिपाठी ने कहा कि 'जनपद सोनभद्र में नशा उन्मूलन की दिशा में यह केंद्र मील का पत्थर साबित होगा। विशेषकर हमारे आदिवासी बाहुल्य जुगैल क्षेत्र के लिए यह वरदान है, क्योंकि अब तक लगभग 20 मरीज यहां सफल उपचार के बाद नशा छोड़कर परिवार के साथ खुशहाल जीवन जी रहे हैं।' इसी क्रम में मंडल अध्यक्ष भगवान दास केसरी ने भी संकल्प अस्पताल की दैनिक ओपीडी और सेवाओं की सराहना की। कार्यक्रम के दौरान संकल्प अस्पताल के मैनेजर राजीव पांडेय ने अतिथियों का स्वागत किया और संस्थान की सेवाओं का विस्तारपूर्वक विवरण प्रस्तुत किया।

# अनधिकृत बांधकाम पर कार्रवाई में लापरवाही करने वाले प्रभारी सहायक आयुक्त गणेश पाटील निलंबित

वसई। वसई विरार शहर महानगरपालिका अंतर्गत विशेष नियोजन प्राधिकरण (21 गांव) के प्रभारी सहायक आयुक्त गणेश पाटील को अनधिकृत बांधकाम पर कार्रवाई में लापरवाही बरतने के आरोप में 10 सितंबर 2025 को निलंबित कर दिया गया है। यह कार्रवाई वसई विरार शहर महानगरपालिका के आयुक्त एवं प्रशासक मनोजकुमार सूर्यवंशी द्वारा की गई है। पाटील को विरार फाटा क्षेत्र में अनधिकृत निर्माण पर आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया था, लेकिन उन्होंने स्थल पर जाकर भी कोई कार्रवाई नहीं की और बिना रिपोर्ट सौंपे लौट आए। इसके बाद उन्हें 9 सितंबर को व्हाट्सएप के माध्यम से कारण बताओ नोटिस भेजा गया था, जिसका जवाब समय पर नहीं दिया गया। यह कृत्य महाराष्ट्र नागरी सेवा (आचरण) नियम, 1979 का उल्लंघन माना गया है। नियमों के तहत निलंबन की अवधि में पाटील को 50% निर्वाह भत्ता मिलेगा, लेकिन वे बिना अनुमति मुख्यालय नहीं छोड़ सकेंगे और किसी अन्य रोजगार या व्यवसाय में संलग्न नहीं रह सकेंगे।

**अमन लेखनी**
**(हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

**सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह**

**समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह**

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

मो. – 9838159555, 9935457982

E-mail address amanlekhaninews@gmail.com



# नवाजुद्दीन ने ब्लाइंड बाबू की शूटिंग की शुरू

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता नवाजुद्दीन सिद्दीकी अपनी अगली फिल्म 'ब्लाइंड बाबू' के लिए फिल्म निर्माता रवि वर्मा के साथ काम कर रहे हैं। इस फिल्म की शूटिंग शुरू हो चुकी है। बुधवार को निर्माताओं ने फिल्म के सेट से कुछ खास तस्वीरें शेयर की हैं। इस पोस्ट में पूरी टीम भी एक ग्रुप फोटो में दिखाई दे रही है। इन तस्वीरों के साथ कैप्शन में लिखा है, 'अब बम फटेगा या कुछ और? उस अराजकता के लिए तैयार हो जाइए जो आपको रहस्य और डार्क कॉमेडी के साथ बांधे रखेगी... ब्लाइंड बाबू की यात्रा शुरू।'

## लाइफ Style



# दीपिका

## बेटी दुआ का मनाया पहला जन्मदिन

बॉलीवुड अभिनेत्री दीपिका पादुकोण ने अपनी बेटी दुआ का पहला जन्मदिन मनाया, जिसकी तस्वीर उन्होंने सोशल मीडिया पर शेयर की है। एक्ट्रेस ने बेटी के लिए खुद अपने हाथों से केक तैयार किया। दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह की बेटी दुआ मंगलवार को एक साल की हो गई।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

इसके एक दिन बाद, दीपिका ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर बेटी के पहले जन्मदिन के जश्न की प्यारी तस्वीर शेयर की है। इसमें घर का बनाया हुआ चॉकलेट केक नजर आ रहा है। अभिनेत्री ने ये पोस्ट शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा, 'मेरी प्रेम भाषा? अपनी बेटी के पहले जन्मदिन के लिए केक बना रही हूं।' इसके साथ ही उन्होंने गुब्बारे इमोजी में लगाए हैं। इस तस्वीर के सामने आते ही कमेंट सेक्शन में सितारों से लेकर फैंस तक की प्रतिक्रियाएं सामने आ रही हैं। अभिनेत्री भूमि पेडनेकर ने लाल दिल वाला इमोजी बनाया है। इसके साथ ही यूजर्स ने भी दीपिका की बेटी को बर्थडे विश किया। साथ ही लोगों ने केक को भी पसंद किया।

दीपिका पादुकोण के वर्क फ्रंट की बात करें तो वह निर्देशक एटली की अगली फिल्म में वे नजर आएंगी। इस फिल्म में अल्लू अर्जुन लीड रोल में हैं। इस फिल्म का टाइटल तय नहीं है और अस्थाई तौर पर इसे 'एए22एक्सए6' कहा जा रहा है। मेकर्स ने एनाउंसमेंट वीडियो शेयर किया था, जिसमें दीपिका पादुकोण को तलवारबाजी करते देखा जा रहा था। इससे साफ हो गया है कि अभिनेत्री इस फिल्म में एक्शन अवतार में दिखेंगी।

## हॉलीवुड मसाला



# सौतेले बच्चों के संग मजबूत है रिश्ता

लॉस एंजिल्स। हॉलीवुड की फेमस सिंगर जेनिफर लोपेज एक बार फिर चर्चा में हैं। वो अपने पति से तलाक ले चुकी हैं, लेकिन बेन एफ्लेक के बेटे के साथ उनका रिश्ता अभी भी मजबूत है। वो दोनों शॉपिंग करते हुए नजर आए। उनकी फोटोज वायरल हो रही है। मालूम हो कि बेन ने जेनिफर गार्डनर से भी शादी की थी। जेनिफर लोपेज और बेन एफ्लेक को दो साल की शादी के बाद अलग हुए एक साल से ज्यादा समय हो गया है। अपने रिश्ते के खत्म होने के बावजूद सिंगर की अपने एक्स हसबैंड के बच्चों के साथ अच्छी बॉन्डिंग है।



# मुझे लगा मैं कई साल से एक दायरे में बंधा रहा

लॉस एंजिल्स। हॉलीवुड एक्टर और डब्ल्यूडब्ल्यूई रेसलर ड्वेन जॉनसन को दुनिया 'द रॉक' के नाम से जानती है। अपनी पहाड़ जैसी कद-काठी और जबरदस्त बॉडी वाले ड्वेन ने बीते सबको चौंका दिया। अपकमिंग फिल्म 'द स्मैशिंग मशीन' के प्रीमियर पर एक्टर के नए दुबले-पतले लुक को देखकर हर कोई दंग रह गया। एक्टर ने अपने अब तक के कॅरियर में निभाए गए किरदारों और 'चिकन मैन' के रूप में अपने ट्रांसफॉर्मेशन पर कहा, 'मुझे लगा कि कुछ साल तक मैं एक ही दायरे में बंधा रहा। मैंने इसे होने दिया। मैंने पहले जो फिल्में बनाई थीं, मुझे वे बहुत पसंद हैं। मैं उन्हें फिर से बनाऊंगा। लेकिन, मैं बहुत उत्साहित हूं कि मुझे फिर से वैसा ही रूप बदलने का मौका मिलेगा जैसा 'मैं स्मैशिंग मशीन' में कर पाया था, क्योंकि इसका मतलब है कि मुझे कम चिकन खाना होगा।'



# बेटी के लिए कॉमेडी फिल्म करने की ख्वाहिश

**मुंबई।** आलिया भट्ट की जिंदगी मां बनने के बाद काफी बदल गई है, इस बात का असर उनकी फिल्मों की च्वाइस पर भी पड़ने लगा है। हाल ही में आलिया भट्ट ने एक इंटरव्यू में कहा कि वह कॉमेडी फिल्म करना चाहती हैं। ऐसा वह अपनी बेटी के लिए करना चाहती हैं। आलिया ऐसी फिल्म करना चाहती है, जिसे बेटी राहा देख सके। आलिया एक कॉमेडी फिल्म करने की ख्वाहिश रखती हैं। वह कहती हैं, मैंने अब तक खुद कॉमेडी नहीं की है, इसलिए इस जॉनर की फिल्म करना चाहती हूं। मैं कुछ ऐसा तलाश कर रही हूं, जो मुझे इंस्पायर करे। आलिया भट्ट आगे कहती हैं, कुछ एक्साइटिंग चीजें मेरे पास आई हैं, अभी इनके बारे में बात नहीं कर सकती हूं। बस मैं सही डायरेक्शन में आगे बढ़ना चाहती हूं। आलिया भट्ट के करियर फ्रंट की बात की जाए तो वह इस साल ए 'अल्फा' कर रही हैं।




# कॉमेडी के साथ दिखेगी किसानों की कहानी

**मुंबई।** अक्षय कुमार और अरशद वारसी की फिल्म 'जॉली एलएलबी 3' का ट्रेलर बुधवार को रिलीज हो गया है। फैंस इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। अब ट्रेलर सामने आने के बाद फैंस की फिल्म को लेकर उत्सुकता और भी बढ़ गई है। 3 मिनट 5 सेकंड के इस ट्रेलर में किसानों का दर्द दिखाया गया है। इस बार कहानी किसानों के इर्द-गिर्द घूमती है। जहां एक बड़ा आदमी है, जो किसानों की जमीन हड़प रहा है। दूसरी ओर छोटे किसान हैं, जो अपनी जमीन बचाने के लिए जॉली के पास पहुंचते हैं। पहले जहां किसान अक्षय कुमार के पास पहुंचते हैं, वहीं बाद में गेम पलट जाता है। ट्रेलर देखकर ऐसा मालूम पड़ता है कि जॉली 1 यानी अरशद वारसी जहां किसानों का केस लड़ रहे हैं और किसानों के वकील हैं। वहीं, अक्षय कुमार उस बड़े आदमी यानी गजराज राव के वकील हैं।

## टीवी मसाला



# टॉक शो टू मच 25 सितंबर को होगा शुरू

**नई दिल्ली।** अभिनेत्री काजोल और ट्विंकल खन्ना एक नया टॉक शो लेकर आ रही हैं। नाम है 'टू मच विद काजोल और ट्विंकल'। यह नया टॉक शो आगामी 25 सितंबर से अमेजन प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होने वाला है। शो की स्ट्रीमिंग डेट के बारे में जानकारी देते हुए मेकर्स ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर की। काजोल और ट्विंकल के इस टॉक शो को लेकर फैंस काफी उत्साहित हैं। इस शो में सेलेब्स गेस्ट होंगे, जिनसे ये दोनों अभिनेत्रियां बात करेंगी और सवाल करेंगी। हालांकि, अभी तक गेस्ट्स को लेकर कोई जानकारी सामने नहीं आई है। लेकिन बीच में ऐसी चर्चाएं चली थीं कि ट्विंकल-काजोल के शो के पहले गेस्ट सलमान खान और आमिर खान हो सकते हैं। हालांकि, ये अभी तक कंफर्म नहीं है। इसके अलावा शो में करण जौहर, जान्हवी कपूर, अक्षय कुमार और अजय देवगन के भी शामिल होने की चर्चाएं हैं। हालांकि, अभी तक किसी भी नाम की कंफर्मेशन सामने नहीं आई है। इस टॉक शो से इतर वर्कफ्रंट की बात करें तो काजोल हाल ही में ओटीटी पर आई फिल्म सरजमीं में नजर आई थीं। इसमें उनके साथ इब्राहिम अली खान और पृथ्वीराज सुकुमारन भी अहम भूमिका में नजर आए थे। इसके अलावा वो 'मां' फिल्म में भी नजर आई थीं। ये एक हॉरर फिल्म थी। वहीं ट्विंकल खन्ना फिल्मों से दूर है। वो एक लेखक के तौर पर काम करती हैं।

## 20-20 कॉल करके मुझे फिल्मों से निकाला

**नई दिल्ली।** बीते दिनों कुनिका सदानंद ने तान्या मित्तल की परवरिश पर टिप्पणी की थी। बिग बॉस 19 के नवीनतम एपिसोड में सिंगर अमाल मलिक ने कुनिका वाले विवाद पर अपने साथी घरवालों के साथ बैठकर बात की। साथ ही बताया कि कैसे उनकी ईमानदारी और स्पष्ट स्वभाव ने अक्सर इंडस्ट्री में उनके खिलाफ काम किया। उन्होंने खुलासा किया कि कई बार ताकतवर लोगों ने उन्हें बॉलीवुड से बाहर करने की कोशिश की, लेकिन उन्होंने हमेशा अपने संगीत के जरिए मजबूती से वापसी की। अमाल मलिक ने अपने साथी कंटेस्टेंट से कहा, 'देखो भाई, पहली बार मुझे इस शो में आके बुरा लग रहा है, क्योंकि मुझे एक खास तरीका बताया गया है। बड़े आए बड़े गए। बहुत बोला, कहां है कि खतम कर देंगे तुम्हें, देखते हैं कहां तक चलोगे इस इंडस्ट्री में। 20-20 कॉल करके बड़े-बड़े एक्टर्स प्रोड्यूसर्स ने फिल्मों से निकाला है, फिर भी यहीं खड़ा हूं और कल फिर हिट दूंगा। फिर आएंगे भाई गाना दे दो।'



# रेखा की मां ने पाकिस्तानी क्रिकेटर संग बुने थे बेटी की शादी के ख्वाब

**नई दिल्ली।** रेखा बचपन से ही फिल्मों में एक्टिव रही हैं। उन्होंने तेलुगु फिल्म इंटी गुट्टू और रंगूला रत्नम में बतौर चाइल्ड आर्टिस्ट अभिनय की दुनिया में कदम रखा था। हिंदी सिनेमा में आने से पहले बतौर युवा अभिनेत्री उन्होंने साल 1969 में 'ऑपरेशन जैकपॉट' की थी, जो कन्नड़ भाषा में बनी फिल्म थी। हिंदी सिनेमा में एवरग्रीन स्टार रेखा को पहला ब्रेक फिल्म सावन भादो से मिला था, जिसमें उन्होंने चंदा का किरदार अदा किया था। जैसे-जैसे वह अपने कॅरियर में आगे बढ़ती गईं, उनकी फिल्मों के साथ-साथ उनकी निजी जिंदगी को लेकर भी चर्चा होती गई। विनोद मेहरा से लेकर अमिताभ बच्चन और अक्षय कुमार जैसे कई सितारों के साथ रेखा का नाम जुड़ा। हालांकि, आपको ये जानकर हैरानी होगी की रेखा की मां पुष्पावल्ली मुकेश या अमिताभ बच्चन को नहीं, बल्कि एक पूर्व पाकिस्तानी क्रिकेटर को अपना दामाद बनाना चाहती है। ऐसा हम नहीं, बल्कि 40 साल पुराना पोस्ट बता रहा है।

### इमरान खान संग मिलाई थी कुंडली?

1980 में रेखा बॉलीवुड के शिखर पर बैठी थीं और उनके रोमांस के चर्चे हर किसी की जुबान पर थे।1985 में स्टार रिपोर्ट ने एक खबर छापी थी, जिसमें रेखा और पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर और राजनेता इमरान खान के बीच रिश्ते का जिक्र किया गया था। जर्नल ने अपने स्टेटमेंट में ये भी दावा किया था कि रेखा की मां पुष्पावली को लगता था कि उनकी बेटी के लिए इमरान खान से अच्छा मैच कोई नहीं हो सकता। ऐसा बताया गया कि एक्ट्रेस की मां दिल्ली आईं और उन्होंने नजूमी (ज्योतिष) से मुलाकात की। रेखा की मां ये जानना चाहती थीं कि इमरान उनकी बेटी के लिए आइडियल मैच हैं या नहीं। नजूमी ने उनसे क्या कहा ये तो किसी को नहीं पता, लेकिन एक्ट्रेस की मां को ये क्लियर हो गया कि वह भविष्य में उनके परिवार का हिस्सा जरूर बनेंगे।



### 1980 में हुई थीं स्पॉट?

इस रिपोर्ट में ये भी कहा गया कि दोनों के बीच दोस्ती से आगे का रिश्ता था। उस समय पर जिन्होंने रेखा और इमरान को साथ में कभी बीच पर और कभी शूटिंग के सेट पर एक-दूसरे की कम्पनी एन्जॉय करते हुए देखा, जिससे उन्होंने इस बात को मान लिया की वह एक-दूसरे के प्यार में डूबे हुए हैं। उस रिपोर्ट में ये दावा किया गया था कि 1980 के दौर में कई बार रेखा को इमरान खान के साथ घूमते हुए देखा गया है, जिसने उनकी बॉन्डिंग के बीच आग में घी का काम किया और दोनों की शादी की खबरें तेज हो गईं। हालांकि, रेखा या पूर्व पाकिस्तानी क्रिकेटर ने कभी भी उड़ रही अफवाहों पर किसी भी तरह की कोई प्रतिक्रिया नहीं दी।

# सोनू निगम ने शेयर की बिजुरिया गाने की 26 साल पुरानी तस्वीरें

**मुंबई।** वरुण धवन और जान्हवी कपूर अभिनीत 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी', जल्द ही सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। बीते कुछ दिन पहले फिल्म का 'बिजुरिया' गाना रिलीज हुआ, जो काफी ट्रेंड कर रहा है। यह गाना साल 1999 में सोनू निगम द्वारा पहली बार गाया गया था, अब इसका रीक्रिएशन किया गया है। गायक ने सोशल मीडिया पर पर अपने ओरिजनल सॉन्ग की शूटिंग के दौरान के कुछ खूबसूरत पलों को साझा किया है। जिसमें वह संगीतकार रवि पवार और अन्य लोगों के साथ नजर आ रहे हैं। इन तस्वीरों में सभी काफी मौज-मस्ती के साथ गाना रिकॉर्ड कर रहे हैं। अगर सोनू निगम की बात करें, तो वो काफी मासूम लग रहे हैं। पुरानी यादों को ताजा करते हुए गायक ने कैप्शन में लिखा, '26 साल पहले बिजुरिया बनाते समय हमें नहीं पता था कि यह गाना समय की कसौटी पर खरा उतरेगा और कैसे? चिल्लाना, सीटियां बजाना, ऐसी बातें कहना जिनकी पिछली कहानियां केवल हम जानते थे। हंसना, नकल करना, सीखना और सबसे बढ़कर लंबे समय तक चलने वाला संगीत बनाना और क्या-क्या। मेरे प्यारे रवि भाई, तरुण भाई और स्वर्गीय अजय भाई, हमने यह सब इतनी सकारात्मकता और मासूमियत के साथ किया। इतनी खूबसूरत यात्रा के लिए भगवान का शुक्रिया। एक बार फिर बिजुरिया का आनंद लें।'



## रोमांटिक कॉमेडी-ड्रामा का मिलेगा जबरदस्त एंटरटेनमेंट

# इस हफ्ता ओटीटी पर रिलीज हो रही हैं ये सीरीज और फिल्में

***नई दिल्ली।** ओटीटी प्रेमियों के लिए सितंबर का यह हफ्ता जबरदस्त एंटरटेनमेंट लेकर आया है। टॉप साउथ और बॉलीवुड फिल्मों के साथ-साथ कई वेब सीरीज और रोमांटिक-कॉमेडी शो भी इस हफ्ते ओटीटी प्लेटफॉर्म्स पर रिलीज हो रही हैं।*




**सैयारा** : अहान पांडे और अनीत पड्डा की फिल्म सैयारा थिएटर्स में धूम मचाने के बाद अब 12 सितंबर को स्ट्रीम होगी। इस फिल्म की कहानी वाणी (अनीत) और कृष (अहान) के इर्द-गिर्द घूमती है। इस फिल्म ने इंडियन बॉक्स ऑफिस से 329 करोड़ और वर्ल्डवाइड बॉक्स ऑफिस से 570 करोड़ का कलेक्शन किया था।

**कुली** : सुपरस्टार रजनीकांत की मोस्ट अवेटेड फिल्म कुली 400 करोड़ के बजट में बनी और फिर सिनेमाघरों में रिलीज हुई। फिल्म ने 25 दिन में 284 करोड़ का नेट बिजनेस किया। वहीं अब यह फिल्म 11 सितंबर से प्राइम वीडियो पर तमिल, तेलुगू, मलयालम, कन्नड़ (फिलहाल हिंदी नहीं) में स्ट्रीम होगी।



**डू यू वाना पार्टनर** : तमन्ना भाटिया, डायना पेंटी और जावेद जाफरी की यह कॉमेडी-ड्रामा सीरीज 12 सितंबर को प्राइम वीडियो पर रिलीज होगी।

**द गर्लफ्रेंड** : साइकोलॉजिकल थ्रिलर वेब सीरीज द गर्लफ्रेंड मिशेल फांसेस के उपन्यास पर आधारित है। छह एपिसोड्स वाली ये सीरीज 10 सितंबर से प्राइम वीडियो पर देखी जा रही है।



**द डेड गर्ल्स** : अल्फोंसो हेरेरा, पॉलिना गैटन और जोआक्विन कोसियो स्टारर यह क्राइम थ्रिलर वेब सीरीज 10 सितंबर से उपलब्ध होगी।

**द रॉन्ग पेरिस** : मिरांडा कॉसग्रोव और पियर्सन फोडे की रोमांटिक-कॉमेडी फिल्म 12 सितंबर से नेटफिलक्स पर स्ट्रीम होगी।



**रैम्बो इन लव** : तेलुगू रोमांटिक कॉमेडी सीरीज 'रैम्बो इन लव' एक बदकिस्मत लेकिन, नेकदिल लड़के और उसकी एक्स गर्लफ्रेंड पर आधारित है। ये 12 सितंबर के दिन जियोहॉटस्टार पर दस्तक देगी।

**टास्क** : 'मेयर ऑफ ईस्टटाउन' के मेकर्स की नई क्राइम-ड्रामा वेब सीरीज एचबीओ और मैक्स पर रिलीज हो गई है।

**ब्यूटी इन ब्लैक सीजन 2** : ग्लैमर और फैमिली पावर स्ट्रगल पर आधारित इस सफल सीरीज का नया सीजन 11 सितंबर से स्ट्रीम होगा।